

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | गुरूवार, 20 जून 2024 | वर्षः 01, अंकः 95, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## पीएम मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए परिसर का उद्घाटन किया

### बोले -आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं

एजेंसी

**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए एक पट्टिका का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने यहां एक पौधा भी लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा अन्य प्रतिनिधि नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर में। इस कार्यक्रम में 17 देशों के राजदूत भी शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का अवसर मिला है। यह मेरा सौभाग्य तो है ही, मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। मोदी ने कहा, मैं बिहार के लोगों को भी बधाई देता हूं।



बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था... शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है... शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है। प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं होता था। हर देश हर वर्ग के युवा हैं यहां पर। नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है और मुझे ये देख कर खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां कई विद्यार्थी आने लगे हैं।

### सीएम नीतीश ने कहा- आप आए तो बहुत अच्छा हुआ

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री जी को भी अच्छा लग रहा होगा यहां आने से। यह बहुत पौराणिक जगह है। राजगीर दुनिया के पांच धर्मों का संगम स्थल है। सिख धर्म के गुरु नानकदेव भी यहां आए थे। मुस्लिम धर्म के महान संत मखदूम साहब को राजगीर में ही ज्ञान प्राप्त हुआ। हिन्दू धर्म का मलमाल मेला का आयोजन हर तीसरे वर्ष किया जाता है। मान्यता है कि उस वक्त 33 करोड़ देवी-देवता यहीं रहते हैं। यहां गर्म पानी का कुंड है। लाखों लोग यहां नहाने आते हैं। मैं तो बचपन से यहां आता रहा हूं। पीएम मोदी से उन्होंने कहा कि आप आ गए हैं तो बहुत अच्छा हुआ। आपको बहुत अच्छा लगेगा।

## किरण चौधरी अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ भाजपा में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्रवधू और कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी आज भाजपा में शामिल हो गई। किरण चौधरी ने बीजेपी मुख्यालय दिल्ली में पार्टी की सदस्यता लीं। इस दौरान हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत भाजपा के बड़े नेता मौजूद थे।

**शरीर कांग्रेस में रहा लेकिन मन बीजेपी में- मनोहर लाल**

भाजपा सदस्यता दिलाने के बाद हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मैं किरण चौधरी का पार्टी में स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि इनका शरीर कांग्रेस में रहा लेकिन मन बीजेपी में रहा। किरण चौधरी और श्रुति को पार्टी में पूरा सम्मान मिलेगा।

**कांग्रेस पर लगाए थे ये आरोप**

किरण चौधरी ने त्यागपत्र सौंपते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाए थे। उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं।

उन्होंने लिखा कि मैं पिछले चार



दशकों से कांग्रेस पार्टी की एक वफादार और दृढ़ सदस्य रही हूं। साथ ही इन सालों में मैंने अपना जीवन पार्टी और उन लोगों के लिए समर्पित कर दिया है जिनका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं।

### कांग्रेस में चरम पर परिवारवाद, नेता महसूस कर रहे घुटनः सीएम सैनी

सीएम नायब सैनी ने किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस में परिवारवाद चरम पर है। कांग्रेस में जो प्रतिष्ठित लोग हैं, उन्हें अब सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें कांग्रेस में अब घुटन महसूस हो रही है। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा के लिए लगे हुए हैं। प्रतिष्ठित लोगों को कांग्रेस ने दरकिनार कर दिया है, कई बड़े नेता कांग्रेस से जाने वाले हैं। कांग्रेस में एक ही परिवार की चलती है। सभी बड़े नेताओं की बलि दी जा रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोलते हुए सैनी ने कहा कि दस साल जब हुड्डा राज्य के सीएम थे, तब कांग्रेस ने नौकरी में खाली सीट को क्यों नहीं भरी, गरीब के बेटे को पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य का मुख्य सेवक बना दिया तो विपक्षी पार्टियों के पेट में दर्द हो रहा है। इनका पेट खराब हो गया है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। हुड्डा राज्यपाल के पास जाने की बात करते हैं। पहले अपने विधायक तो इक्कठा कर लें। विधानसभा चुनाव में गरीब लोग कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेंगे।

## राहुल 54 साल के हुए, खड़गे ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। श्री गांधी आज 54 साल के हो गये। श्री खड़गे ने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में कहा, भारत के संविधान में निहित मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाजों के प्रति आपकी सहानुभूति, वे गुण हैं जो आपको दूसरों से अलग करते हैं। उन्होंने आगे कहा, विविधता में एकता, सद्भाव और करुणा का कांग्रेस पार्टी का सिद्धांत आपके सभी कार्यों में दिखाई देता है, क्योंकि आप सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाकर आखिरी व्यक्ति के आंसू पोंछने के अपने मिशन में लगे हुए हैं। मैं आपके लंबे, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करता हूं।

## जल संकट पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन, सचदेवा ने कहा- दिल्ली सरकार जनता को मूर्ख बना रही है

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी में पानी की किल्लत को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। पार्टी ने बुधवार को भी विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ सांसद प्रवीण खंडेलवाल, बांसुरी स्वराज समेत तमाम नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

दिल्ली सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के दौरान खाली मटके फोड़े और आरोप लगाया कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें नलों से गंदा पानी पीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद बांसुरी स्वराज ने



एन्ड्रूज गंज के इंदिरा कैंप इलाके में विरोध प्रदर्शन किया। सचदेवा ने कहा कि आज हम इंदिरा कैंप आए हैं। दिल्ली की केजरीवाल सरकार लोगों को मूर्ख बना रही है। दिल्ली में पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। जनता कहां जाए। आम आदमी पार्टी भष्ट्राचार में इतनी मशगूल है कि उन्हें दिल्ली की जनता की तकलीफ दिखाई नहीं देती। फ्री पानी का झांसा देकर दिल्ली की जनता को इन लोगों ने ठगने का काम किया है। वहीं विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने पहुंची नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली की जनता की तकलीफ देखी नहीं जाती। भाजपा के कार्यकर्ता दिल्ली जल बोर्ड से निवेदन कर पानी का टैंकर भेज रहे हैं, लेकिन वो स्थायी समाधान नहीं है। हम इस पर काम कर रहे हैं लेकिन आप को दिल्ली के लोगों की हालत क्यों नहीं दिखती?

स्वराज ने कहा, पानी की पाइपलाइन को लेकर यहां के विधायक ने वादा तो किया था लेकिन पूरा नहीं कर पाए। केजरीवाल सरकार को प्रेस कॉन्फ्रेंस से फुर्शत नहीं मिलती कि वो जमीन पर आकर काम करे। केजरीवाल सरकार ने दस साल में कोई काम नहीं किया है।

## '21 जून तक दिल्लीवालों को पानी नहीं मिला तो सत्याग्रह शुरू करूंगी...', आतिशी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे दिल्ली के लोगों को पानी दिलवाने का आग्रह किया गया है। यदि 21 जून तक दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिलता है तो वह सत्याग्रह करने को मजबूर हो जाएंगी। 21 जून से वह अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी।इन दिनों भीषण लू व गर्मी की स्थिति है। इस मौसम में पानी की जरूरत प्रत्येक व्यक्ति की बढ़ जाती है, परंतु दिल्ली में पानी की कमी हो रही है। दिल्ली में पर्याप्त पानी नहीं है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा, दिल्ली की क्षमता 1050 एमजीडी पानी की क्षमता है। इसमें से 613 एमजीडी हरियाणा से यमुना नदी में



आता है। 18 जून को हरियाणा से 513 एमजीडी पानी कम आया। इस तरह से 100 एमजीडी पानी की कमी है। एक एमजीडी से 28500लोगों को पानी मिलता।

**28 लाख लोगों के लिए नहीं मिल रहा पानी- आतिशी**

जल मंत्री ने कहा, -इस तरह से हरियाणा से 28 लाख लोगों के लिए पानी नहीं मिल रहा है। इस कारण दिल्ली के लोग बहुत परेशान हैं। इनकी परेशानी दूर करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात की गई। वह पानी देने को तैयार हैं। हिमाचल का पानी हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगा। हरियाणा वह पानी देने को भी तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट जाकर 100 एमजीडी पानी के लिए गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में जल संकट को स्वीकार किया है। इसके बावजूद हरियाणा पानी नहीं दे रहा है। आम आदमी पार्टी के विधायक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिलने गए परंतु वह नहीं मिले। मंगलवार को दिल्ली सरकार के उच्च अधिकारी हरियाणा सरकार से मिलकर दिल्ली के लोगों के लिए पानी मांगने गए, लेकिन हरियाणा तैयार नहीं हुआ।



## बुजुर्ग महिला का रेलवे स्टेशन के पास मिला शव

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । बुधवार को रेलवे स्टेशन नैनी से प्राप्त सूचना पर एक अज्ञात महिला उम्र करीब 50 वर्ष का रेलवे स्टेशन जसरा पर रन ओवर हो गया है कि सूचना पर मैं उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रसाद सरोज चौकी प्रभारी जीआरपी नैनी मय हमाराह हेड कांस्टेबल बलवंत प्रसाद के रेलवे स्टेशन जसरा पहुंचा अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त हेतु मोबाइल से फोटो खींचकर व्हाट्सएप फेसबुक सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया को भेजा गया परंतु शिनाख्त नहीं हो पाया रात्रि होने के कारण हम पुलिस वाले एवं रेल कर्मचारियों के अलावा आसपास का कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था सुबह होने पर आसपास के लोग मौके पर आए जिनसे शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया परंतु शिनाख्त नहीं हो पाया जिसके कारण पंचायत नामा की कार्यवाही कर वास्ते पीएम करने हेतु कांस्टेबल आशीष कुमार यादव व महिला कांस्टेबल साधना पांडे को अज्ञात महिला का शव सुपुर्द कर मर्चरी हाउस SRN रवाना किया गया।

## पांच बम के साथ युवक गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** बुधवार को धूमनगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को बम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना अभियुक्त उदय प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति निवासी 223/ए गौतम बुद्ध मार्ग सुलेमसराय थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को पूर्वांचल गेट मोड़ के पास थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार कर कब्जे से 05 अवैध जिन्दा देशी बम बरामद किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 गौरव सिंह,.का0 अंकित यादव, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## कोखराज में क्षेत्राधिकारी ने किया पैदल भ्रमण



**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के चाकवन चौराहे में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व प्रभारी निरीक्षक कोखराज इंद्रदेव ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली और इस दौरान उन्होंने अपराधियों पर कड़ी नजर रक्खी लोगों को हिदायत दी सड़कों परवाह न खड़ा करने की चेतावनी दी गई है अगस्त के दौरान क्षेत्राधिकारियों ने दुकानदारों से बात किया और उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया तथा साथ ही साथ कहा कि दुकानदार अपने दुकान के पास सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे कभी घटनाएं होने पर उनका रिकॉर्ड आसानी से खोजा जा सके और अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिले सभी बड़े दुकानदारों को सीसीटीवी कैमरा लगाने की सलाह दी गयी उन्होंने कहा कि जिससे सुरक्षित करोबार हो वही मस्जिद के जिम्मेदार लोंगो को बुलाकर मस्जिद के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा जिस पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए एक हफ्ते का समय दिया।

## अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की तलाश में जहांगीराबाद पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्त विक्रम कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम डुढही मजरे करन्द थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।

## पुलिस द्वारा गुमशुदा को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

**सबसे तेज प्रयागराज**




**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज निवासी द्वारा अपने पुत्र के घर से कहीं चले जाने के सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पुलिस को सूचना दी गयी। थाना सफदरगंज पुलिस द्वारा उक्त गुमशुदा को बुधवार को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## सीओ ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध की कार्रवाई

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बाराबंकी** । यातायात एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात के नियमों का पालन कराने हेतु जनपद बाराबंकी में वाहनों की सघन चेकिंग हेतु चलाये गये अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया द्वारा प्रभारी यातायात रामयतन मय टीम के साथ पटेल तिराहा पर व समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में वाहनों की संघन चेंकिग करते हुए प्राइवेट वाहनों पर लगे हूटर/काली फिल्म/प्रेशर हॉर्न/प्रतिबन्धित पुलिस लोगो को उतरवाया गया एवं यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई तथा वाहन चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# हूटर लगाकर भौकाल बनने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देश पर बुधवार को अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर आईपीएस अभिजीत कुमार द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा व स्थानीय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र कौंधियारा में पैदल गस्त किया गया एवं निजी वाहनों पर हूटर,सायरन,लाल,नीली बत्ती,पद सूचक,ब्लैक फिल्म आदि के विरुद्ध सघन चेकिंग की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी, सेतु निगम, यू0पी0 सिड़को, यू0पी0पी0सी0एल0 यू0पी0आर0एन0एस0एस0, आवास-विकास परिषद, सी0एण्ड0डी0एस0, राजकीय निर्माण निगम, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं से उनसे सम्बंधित प्रोजेक्ट की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है, वे सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण हो। किसी भी दशा में रिवाइज इस्टीमेट की स्थिति न होने पाये। जिलाधिकारी ने पूर्ण हुए भवनों/निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच अनिवार्य रूप से कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि मानक के अनुसार ही सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद हस्तातंरण की कार्यवाही पूर्ण हो, इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य जिस विभाग से सम्बंधित हो, उनके विभागीय अधिकारियों को भी आगामी बैठक में उपस्थित रहकर निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुके है और यदि उनमें कुछ कमियां रह गयी है, तो उन्हें अविलम्ब दूर



कराकर उसकी हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित की जाये।

जिलाधिकारी ने सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि सभी कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करा लिए जाये। उन्होंने अलोपीबाग में निमार्णाधीन ओवरब्रिज के उस हिस्से को, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि पीडब्लूडी के द्वारा निर्धारित मानक दूरी पर ही सड़कों के किनारे खुदायी का कार्य किया जाये साथ ही साथ उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जैसी स्थिति में सड़के रही है, कार्य के बाद उसी स्थिति में पुनः बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़क निर्माण से सम्बंधित विभागों से उन सड़कों को चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है, जहां पर सड़क की खुदायी के पश्चात मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने प्रत्येक विभाग से निर्माण कार्यों में जमीन की उपलब्धता व जमीन अधिग्रहण से सम्बंधित कार्यवाही में आ रही समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय बनाकर समस्याओं के निराकरण के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों को अनिवार्य रूप से गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा से पूर्व ही निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन अपने विभाग से सम्बंधित आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करते रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय सीमा के अन्तर्गत शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया, तो सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से अण्डा उत्पादन, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, कृत्रिम गभार्धान, निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी, ईयर टैगिंग की जानकारी प्राप्त करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों से नई सड़कों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने एवं सड़कों के सुदृढ़ीकरण/मरम्तीकरण के कार्य को इसी माह पूर्ण करने के लिए कहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, कौशल विकास, प्रोजेक्ट अलंकार, प्रधानमंत्री वनसम्पदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, आपरेशन कायाकल्प, मनरेगा, निपुण लक्ष्य, पर्यटन व अल्पसंख्यक विभाग से सम्बंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कम्प्यूटर की दुकान में चोरी का 24 घंटे में खुलासा, गिरफ्तार, सामान बरामद

### सोमवार को दुकान का शीशा तोड़कर कंप्यूटर हार्डवेयर की दुकान को बनाया था निशाना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** कस्बा स्थित एक कम्प्यूटर हार्डवेर की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरो तक पहुंचने में सफल हो गई आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दानियालपुर निवासी अन्नू सोनी काली जी मंदिर मार्ग पर कम्प्यूटर हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। सोमवार को शाम करीब चार बजे वह दुकान के मैं लगे शीशे के दरवाजे को बंद कर खाना खाने गया था तभी एक व्यक्ति उनकी दुकान का शीशा तोड़कर अंदार



रखा लैपटॉप और कम्प्यूटर उपकरण उठा ले गया। घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। जानकारी होने पर पुलिस ने स्थलीय मुआयना के पश्चात पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध नवाबगंज थाना में केस दर्ज कर लिया था। चैकी प्रभारी शरद सिंह ने मामले की जांच पड़ताल शुरू किया तो सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग से बुधवार को स्थानीय कस्बा के इब्राहिमपुर तिराहा के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया युवक नसीम अख्तर पुत्र मो. कलीम, वाराणसी जनपद अंतर्गत दशाश्मेश्वर थाना के मदनपुर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी युवक की निशानदेही पर तीन लैपटॉप व कम्प्यूटर उपकरण बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लिखा पढ़ीकर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि चोरी करने वाला युवक अपने रिश्तेदार के घर आया था।

# शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर अफसर गंभीर नहीं : डा हरिप्रकाश यादव

### शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को एकजुट का शिक्षा निदेशालय पर 24 को धरना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) प्रयागराज की बैठक जिला अध्यक्ष मो जावेद की अध्यक्षता में बालसन चौराहे पर स्थित पार्क में आज हुई जिसमें 24 जून को माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित कार्यालय पर शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए होने वाले धरने की तैयारी की समीक्षा की गई । बैठक को संबोधित करते हुए एकजुट के संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने बताया कि आगामी 24 जून 2024 को शिक्षा निदेशक के कार्यालय पर होने वाला वायदा निभाओ धरना ऐतिहासिक होगा जिसमें शामिल होने के लिए प्रदेश से हजारों शिक्षक, शिक्षिकाएं आ रहे है।



डॉ हरि प्रकाश यादव ने बताया कि 14 मार्च 2024 को पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने शिक्षा निदेशक के कार्यालय पर ऐतिहासिक धरना दिया था और उस समय संगठन के साथ हुई बैठक में शिक्षा निदेशक ने विद्यालयों का राजकीय करण करने, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के खत्म होने के पश्चात शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित निरसित हुई धाराओं 12, 18 व 21 को पुन बहाल करने, ऑनलाइन स्थानांतरण शुरू करने, सिटिजन चार्टर 45 दिन में लागू करने, बोर्ड परीक्षा की कापियों के मूल्यांकन का पारिश्रमिक बढ़ाने सहित अन्य बिंदुओं पर लिखित आश्वासन दिया था परंतु वह आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ जिसके कारण पूरे प्रदेश के शिक्षकों मे भारी रोष व्याप्त है । उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निस्तारण को लेकर शासन और विभाग के अफसर गंभीर नहीं है।

एकजुट के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने प्रबंधकों के द्वारा ग्रांट वापसी की मांग की घोर निंदा की तथा शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में धरने में पहुंचने की अपील की। बैठक का संचालन जिला मंत्री देवराज सिंह ने किया। बैठक में एकजुट के वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेन्द्र प्रताप सिंह, तीर्थराज पटेल, सुरेश पासी, मिथिलेश मौर्य , लक्ष्मी नारायण सिंह, हरिशंकर , राकेश यादव, आशीष गुप्ता, नरेंद्र प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, अशोक सिंह, डीपी यादव, दिनेश यादव, राकेश यादव, प्रकाश जायसवाल, डॉ राजेश सिन्हा, लालमणि यादव, रविंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा का योग दिवस कार्यक्रम भारत स्काउट में , 5000 छात्र, छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाएं विश्व योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से 10 वें विश्व योग दिवस का आयोजन सुबह छह बजे से चैथम लाइंस स्थित भारत स्काउट गाइड इण्टर कालेज परिसर के ग्राउंड पर 21 जून शुक्रवार को किया गया है। कार्यक्रम में करीब पांच हजार छात्र, छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल होंगे।

कार्यक्रम में कमिश्नर विजय विश्वास पंत, डीएम नवनीत सिंह चहल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी और जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पीएन सिंह की ओर से 10 वां विश्व योग दिवस पर 21 जून शुक्रवार की सुबह छह बजे से योग दिवस कार्यक्रम भारत स्काउट गाइड इण्टर कालेज चैथम लाइंस में शुरू होगा। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से 2000 बच्चे और शिक्षक, शिक्षिकाएं योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि योग कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चे और शिक्षक कार्यक्रम स्थल पर पांच बजे सुबह पहुंचेगे। कार्यक्रम स्थल पर बैठकर योग करने वालों के लिए पंक्तियां बनी है जिसमें वह समान दूरी पर बैठकर योग करेंगे। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि शेष शिक्षक, शिक्षिकाएं अपने परिजनों के साथ योग करेंगे क्योंकि भीषण गर्मी को देखते हुए किसी को विधालय जाकर योग करने की जरूरत नहीं है। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 1500 छात्र और शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल होंगे। सभी लोग कार्यक्रम स्थल भारत स्काउट गाइड पर सुबह पांच बजे पहुंचेंगे और निर्धारित स्थल पर बैठकर योग करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वालों की मदद के लिए स्काउट गाइड के स्वयं सेवक कार्यक्रम स्थल पर रहेंगे। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर पीने के लिए पानी की व्यवस्था रहेगी।

## कांग्रेसियों ने आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी** । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन है इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष गौरव पांडे के नेतृत्व में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया । इस अवसर पर संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि राहुल गांधी आज के दौर के सबसे सच्चे नेता है जो कभी झूठ नहीं बोलते और उनकी कही हुई बात हमेशा साथ साबित होती है , इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू ने कहा कि राहुल गांधी इस दौर के सबसे मजबूत नेता है वह सच की लड़ाई लड़ते हैं और इस लोकसभा चुनाव में उनकी लोकप्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है लोग उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं , इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम ने कहा राहुल गांधी आने वाली पीढ़ी और आज की पीढ़ी के नेता हैं वह पढ़े-लिखे और योग्य नेता है और उनकी योग्यता को लोगों ने सराहा है और उनकी लोकप्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है ,इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम , दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी हंजला उस्मानी , जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू ,मीडिया कोऑर्डिनेटर कौशलेश द्विवेदी, महासचिव बरसाती लाल पांडा, शशि प्रताप त्रिपाठी , नरेंद्र सिंह परिहार , राजकुमार यादव, युगल किशोर त्रिपाठी,डॉ राजेंद्र मिश्रा सचिन शुक्ला , उदय यादव , भीम पाल , सीताराम गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष गौरव पांडे के नेतृत्व में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया । इस अवसर पर संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि राहुल गांधी आज के दौर के सबसे सच्चे नेता है जो कभी झूठ नहीं बोलते और उनकी कही हुई बात हमेशा साथ साबित होती है , इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू ने कहा कि राहुल गांधी इस दौर के सबसे मजबूत नेता है वह सच की लड़ाई लड़ते हैं और इस लोकसभा चुनाव में उनकी लोकप्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है लोग उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं , इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम ने कहा राहुल गांधी आने वाली पीढ़ी और आज की पीढ़ी के नेता हैं वह पढ़े-लिखे और योग्य नेता है और उनकी योग्यता को लोगों ने सराहा है और उनकी लोकप्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है ,इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम , दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी हंजला उस्मानी , जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू ,मीडिया कोऑर्डिनेटर कौशलेश द्विवेदी शशि प्रताप त्रिपाठी , नरेंद्र सिंह परिहार , सचिन शुक्ला , उदय यादव , भीम पाल , सीताराम गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## कौशांबेश्वर संकट मोचन में भंडारा हुआ सम्पन्न



**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट में साप्ताहिक चल रही शिव महापुराण की कथा के समापन के बाद बुधवार को विशाल भंडारा आयोजित हुआ जिसके हजारों की संख्या में भक्तों ने महा प्रसाद भंडारा में ग्रहण किया आप को बतादें की कौशाम्बी खास स्थित कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट में लगभग 16 वर्षों से लगातार 12 जून से 19 जून तक कथा और अंतिम दिवस भंडार का आयोजन होता चला आ रहा है उसी क्रम में इस वर्ष शिव महापुराण की कथा और भंडार का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष बाबा बुद्धन दास महाराज उपाध्यक्ष एवं संरक्षक राजू केशरवानी, अंकित केशरवानी,अंकुल केशरवानी, व्यास ओम ओझा जी महराज,खत्री महराज जी,नल, नील,शिवा कांत मिश्र(रज्जन),मानस मिश्रा,कौशिक अग्रहरि,रोहित मिश्रा,ट्रस्ट से जुड़े सभी भक्तों के साथ साथ सनातन प्रेमी मौजूद रहे।

## कुलपति ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बुधवार को विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में सत्र जून 2024 की परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने भीषण गर्मी से परीक्षार्थियों के बचाव के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों को विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिए परिसर के समीप शीतल जल की व्यवस्था के निर्देश कुलपति ने दिये। विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक और परास्नातक की परीक्षाएं पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही हैं। औचक निरीक्षण के समय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के साथ परीक्षा नियंत्रक डीपी सिंह, केंद्र व्यवस्थापक प्रोफेसर ए के मलिक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक माह से गायब लड़की का नही लगा सुराग पिता ने नाम जद लिखाया मुकदमा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खंसार मैलहन निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने बुधवार को फूलपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया की उसके पुत्री को सराय ममरेज थाना क्षेत्र के नेदुला गांव का एक युवक बहला फुसला कर कही भगा ले गया काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग न लगने पर पीड़ित ने उक्त गांव के आरोपी युवक के खिलाफ फूलपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। फूलपुर थाना क्षेत्र के खंडार मैलहन गांव निवासी रामफेर ने बुधवार को फूलपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया की उसकी पुत्री अर्चना काल्पनिक नाम 28 वर्ष को बहला फुसला दिनांक 25 मई 2042 को भगा ले गया तभी से उसकी खोजबीन किया जा रहा है जानकारी करने पर पता चला की सराय ममरेज थाना क्षेत्र के नेदुला गांव निवासी अंकित शर्मा नामक युवक उसे भगा ले गया था जिस पर पीड़ित ने उक्त युवक के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 366 के तहत मुकदमा कायम करते हुए उक्त लड़की सहित युवक के तलास में जुट गई है।

## प्रतिबन्धित वन्य जीवों को पकडने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना कड़ाधाम पुलिस व वन उ0नि0 रामदास पटेल मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर प्रतिबन्धित वन्य जीव को पकडने/मारने वाले 3 अभियुक्तों छबिलाल पुत्र सुरेश . सुरेश पुत्र गन्ने . सोनू पुत्र शंकर नि0गण पानी की टंकी गांधी नगर थाना जगदीसपुर जनपद अमेठी को गंगा नदी हनुमान घाट से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 4 कछुआ व कछुओ के अवशेष तथा 1 चाकू, 3 भाला (बल्लम) बरामद किया गया।
थानाध्यक्ष कड़ा धाम आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित वन्य जीव के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## तीन वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कोखराज पुलिस वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर मुखबिर की सूचना पर तीन वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा 3 वारंटी अभियुक्तों टमाटर उर्फ शिवकरन . बुधराम . श्रीचन्द पुत्रगण स्व0 राजाराम सरोज नि0 नेवढ़िया थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गौरव के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की

**अलीगढ़। मंगलवार को** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद अलीगढ़ पहुंचे। जहां उन्होने 31 मई को अकराबाद इलाके के बहादुरीगढ़ी के दलित गौरव कुमार की हत्या के मामले में घंटाघर स्थित अम्बेडकर पार्क में धरना दे रहे परिवार से मिले और मृतक की पत्नी को सरकारी नौंकरी अथवा बच्चों की मृफ्त शिक्षा एवं पचास लाख का मुआवजा दिये जाने हेतु राज्यपाल के नाम एडीएम सिटी अमित कुमार को ज्ञापन और फ्लास बंसल को ज्ञापन सौंपा।

चंद्रशेखर के आने की सूचना पर घंटाघर चौराहे पर बड़ी संख्या में युवा जमा हो गए हैं। गौरव के अपहरण के बाद हत्या की गई थी। चंद्रशेखर के काफिले के पहुंचने से पहले घंटाघर चौराहा पर बड़ी संख्या में युवक नीले झंडे लेकर पहुंचे। कुछ देर में चंद्रशेखर अकराबाद में पहुंचेंगे। लोगों की भीड़ को देखते हुए शहर में भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। गौरव कुमार की 31 मई को हत्या हुई थी। वह अलीगढ़ के अकराबाद इलाके के बहादुरीगढ़ी में रहते थे। पहले उनको अगवा किया गया, फिर हत्या कर दी गई।

# पत्रकार सांसद के बाद अब कानपुर को मिल सकता है एक पत्रकार विधायक

### पत्रकार सांसद के बाद अब कानपुर को एक पत्रकार विधायक मिल सकता है

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कानपुर।** प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को बीजेपी इस बार सीसामऊ उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बना सकती है। अवनीश दीक्षित ने बताया कि उन्होंने सीसामऊ क्षेत्र से अपनी दावेदारी कर दी है। अवनीश दीक्षित पिछले कई दिनों से दिल्ली में डेरा जमाए हुए थे। सीसामऊ से टिकट की दावेदारी गुपचुप तरीके से कर चुके हैं। पिछले करीब दशक से पत्रकारिता



के क्षेत्र में योगदान दे रहे अवनीश दीक्षित बीजेपी से टिकट मांग रहे है। बता दें कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक इरफान सोलंकी को सात साल की सजा होने के बाद ये तय हो गया है कि सीसामऊ विधानसभा में उपचुनाव होगा इसके लिए अवनीश दीक्षित ने बताया कि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी बीजेपी से आती है ऐसे में टिकट के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है पार्टी के सूत्रों की मानें तो अभी फिलहाल प्रत्याशियों की जोर आजमाइश चल रही है पार्टी जिसको टिकट देगी उसको पूरी जोरदार तरीके से चुनाव लड़ाया जाएगा इसके लिए सभी लोग एकजुट होकर कार्य करेंगे अवनीश दीक्षित ने दिल्ली में गुपचुप तरीके से पार्टी में अपनी पैठ बनाई है। इसको लेकर जबरदस्त चर्चा है कानपुर से सांसद रमेश अवस्थी भी पिछले कई दशकों तक पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। ऐसे में बीजेपी पत्रकार अवनीश दीक्षित पर भरोसा कर सकती है।

# बेहतर यातायात व्यवस्था पर रहेगा जोर : विजय किरन आनंद

### सभी विभागों की तैयारियां समय से होगी पूरी। रेलवे, लोनिवि, पीडीए, नगर निगम की तैयारियां चल रही है बेहतर। मुंगरा बादशाहपुर रेलवे फ्लाईओवर का पुल बनना है मुश्किल

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** महाकुंभ के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि महाकुंभ की सभी तैयारियां समय से पूरी होगी। उन्होंने कहा कि सबसे प्रमुख विभागों में रेलवे, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग का काम ठीक चल रहा है। मेलाधिकारी ने बताया कि देश, विदेश के करोड़ों लोगों की भीड़ महाकुंभ में स्नान, कल्पवास के लिए आ रही है, ऐसे में बेहतर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है जिससे कि लोगों को परेशानी न होने पाएं। मेलाधिकारी ने बताया कि भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र का क्षेत्रफल दुगुना और पाण्टून पुलों की संख्या 40 कर दी गयी है। इससे भीड़ को मेला क्षेत्र में आने - जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। मेला क्षेत्र में भीड़ शहर, नैनी, झूंसी और फाफामऊ क्षेत्र से प्रवेश कर उसी रास्ते से निकलेगी। मेलाधिकारी ने बताया कि भीड़ वाले सभी प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त यातायात पुलिस के जवान तैनात रहेंगे जिससे कि जाम की समस्या न होने पाएं और बेहतर यातायात व्यवस्था बनी रहे।

उन्होंने बताया कि दारागंज और वोट क्लब के पास स्नान घाट का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि नागवासुकी और झूंसी के निचले इलाके में बोल्डर से सड़क बन रही है जिसका निर्माण शीघ्र पूरा होगा।

मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि वाराणसी, बिहार सहित अन्य प्रमुख स्थानों से आने वाली ट्रेन झूंसी रेलवे स्टेशन, गोरखपुर - जौनपुर - अयोध्या और लखनऊ से आने वाली ट्रेन दारागंज स्टेशन तक और मुख्य स्नान पर्वो पर यह ट्रेन फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली, कानपुर से आने वाली ट्रेन सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रमुख शहरों से आने वाली ट्रेन नैनी स्थित छिवकी रेलवे स्टेशन पर रूकेगी।

महाकुंभ के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि महाकुंभ के प्रत्येक सेक्टर में पार्किंग की व्यवस्था हो रही है जिससे कि कल्पवासियों, स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी न होने पाये। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि दर्जन भर फ्लाईओवर रेलवे के ट्रैक के ऊपर तेजी से बन रहे हैं। इसमें से कई फ्लाईओवर का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है जबकि सबसे बड़ा रेलवे फ्लाईओवर चौफटका से कालिंदीपुरम तक का निर्माण तेजी से चल रहा है। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि जौनपुर जिले में रेलवे के ट्रैक पर शहर में, बदलापुर और मुंगरा बादशाहपुर में तीन फ्लाईओवर बनने थे लेकिन यह निर्माण अब मुश्किल हो गया है ऐसे में यह निर्माण अब महाकुंभ मेला के बाद होगा।

# स्वस्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन करें योग : कौशल्यानंद गिरि

### इन्द्रपुरी कालोनी स्थित आवास पर विश्व योग दिवस को बड़ी संख्या में किन्नर संत करेंगे योग



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) महराज ने कहा कि तनाव और भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन योग करना इससे लोग तनाव मुक्त और प्रसन्नचित रहते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक दिन या दो दिन योग करने से लोग स्वस्थ्य नहीं रह सकते हैं। यह बातें उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और उप्र किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) ने आज सुबह बड़ी संख्या में शिष्यों सहित योग करते हुए अपने इन्द्रपुरी कालोनी, बैरहना स्थित आवास पर कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व योग दिवस की सराहनीय पहल करते हुए लाखों, करोड़ों लोगों को स्वस्थ्य रहने और तनाव मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी है। आज लोग स्वस्थ्य रहने के लिए योग को लेकर गंभीर हो गये है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लोग सुबह टहलते हुए योग करते हैं तो उनको जहां ताजी हवा मिलती है वहीं वह लोग योग करते हैं तो उनकी सेहत बनी रहती है और वह तनाव मुक्त रहते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी बहुत समझदार और दूर दृष्टि वाली है ऐसे में वह अपने स्वास्थ्य को लेकर बहुत गंभीर रहती है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में किन्नर संत विश्व योग दिवस 21 जून को सुबह छह बजे से इन्द्रपुरी कालोनी, बैरहना स्थित आवास पर योग करेंगे।

इस दौरान योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आसपास के लोग शामिल होंगे।

# मामूली विवाद में बीस अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** नवाबगंज पुलिस बुधवार को क्षेत्र में वांछित अपराधियों की तलाश में मामूली विवाद में बीस लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि मारपीट में बीस अभियुक्त सुरेंद्र हरिजन पुत्र पन्नालाल निवासी ग्राम अमृक्षलालपुर पूरेघासी थाना नवाबगंज.हरीलाल पुत्र सूरजवली निवासी ग्राम अमृक्षलालपुर पूरेघासी थाना नवाबगंज, करन कुमार पुत्र हरीलाल निवासी ग्राम अमृक्षलालपुर, रामबाबू पुत्र कड़ेदीन निवासी ग्राम अमृक्षलालपुर पूरेघासी. संतोष कुमार पुत्र कड़ेदीन निवासी ग्राम अमृक्षलालपुर पूरेघासी थाना नवाबगंज. रोहित सरोज पुत्र हरीलाल निवासी सधनगंज थाना सोरांव. धीरज सरोज पुत्र राम आसरे निवासी मंसूराबाद थाना नवाबगंज. गुलफाम अहमद पुत्र मोहर्रम अली निवासी लाई. मो0 उमर पुत्र गुलफाम अहमद निवासी लाई थाना नवाबगंज. मो0 इमरान पुत्र गुलफाम अहमद निवासी लाई. मो0 इरफान पुत्र मोहर्रम निवासी लाई. मो0 इरशाद पुत्र मोहर्रम निवासी लाई . मो0 इजहार पुत्र मोहर्रम. मो0 नौशाद पुत्र मोहर्रम निवासी लाई . मो0 शमशाद पुत्र मोहर्रम. मो0 दिलशाद पुत्र मोहर्रम, निवासी लाई. मो0 मेराज पुत्र मोहर्रम पुत्र मोहर्रम निवासी लाई. मुनेश कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी मादूपुर रामनगर. मो0 अफजल पुत्र मो0 अख्तर निवासी ग्राम टेकारी. मो0 जुनैद पुत्र मो० युनूस निवासी ग्राम टेकारी थाना नवाबगंज प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

चौकी प्रभारी अरविन्द कुमार मंसूराबाद, चौकी प्रभारी राजेन्द्र पाल डांडी, उपनिरीक्षक मासूक अली, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, चौकी प्रभारी आनापुर ब्रजेश कुमार तिवारी, कुंवर गौरव सिंह थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## वांछित 4 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना कोतवाली हाटा पुलिस द्वारा 4 अभियुक्तों अरबिन्द सिंह पुत्र रामदास साकिन सिंहपुर थाना को0 हाटा. महेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बदरी साकिन सिंहपुर थाना को0 हाटा. जयराम सिंह पुत्र चन्द्रभान साकिन सिंहपुर थाना को0 हाटा . रामनरेश सिंह पुत्र बदरी साकिन सिंहपुर थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## 2 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/ वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को दो वारण्टी अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र दीपनारायन .जयकिशुन पुत्र दीपनारायन निवासीगण भरपटिया थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर उ0प्र0 को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दुष्कर्म मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त कुन्दन पुत्र गुमानी प्रसाद निवासी ठाड़ीभार इन्नरपट्टी ताद थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मंडावर थाने में तैनात उप निरीक्षक को एसपी ने किया सस्पेंड

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

बिजनौर! मंडावर सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें थाना मण्डावर पर नियुक्त उ0नि0 धर्मेन्द्र गिरि द्वारा फोन कॉल पर वार्ता करते हुए दूसरे व्यक्ति से अनुचित मांग की जा रही है । वायरल ऑडियो का तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार यादव जनपद बिजनौर द्वारा उ0नि0 धर्मेन्द्र गिरि को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है । इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी, अपराध को जांच इस निर्देश के साथ दी गयी है कि 02 दिवस में जांच पूर्ण कर आख्या प्रेषित करें । पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी पुलिसकर्मी ऐसा कोई कृत्य न करें जिससे पुलिस जैसे अनुशासित विभाग की छवि धूमिल हो अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी ।

## पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 93 वाहनों का ई-चालान व 01 वाहन से 500 रू0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया ।

## मारपीट में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 02, थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना महेवाघाट से 02, थाना सराय अकिल से 04 ) कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## गौवंश को गर्मी से राहत के लिए लगाए ग्रीन नेटऔर पंखे कूलर

**अलीगढ़। जून की तपतपाती** गर्मी में शहरवासियां को हीट वेव से राहत देने के साथ ही नगर निगम ने अपनी कान्हा गौशाला और नंदी गौशाला में गौवंश को भीषण गर्मी और हीट वेव से राहत देने के लिये पानी की बौछार करने वाला फुग्गा सिस्टम(डपेजपदह ैलेजमडे) लगवाया गया है। इस सिस्टम के लग जाने से जहाँ गौवंश को राहत मिली है तो वही दूसरी ओर गौशाला के टीन शैड में तापमान में भी कुछ कमी का अहसास किया जा सकता है।

इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त अमित आसेरी बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप वर्तमान हीट वेव में जनमानस की सुविधा के साथ साथ गौवंश को भी राहत देने के लिये अलीगढ़ नगर निगम द्वारा बड़े बड़े होटल व लॉन, रूफ टॉफ में लगे डपेजपदह ैलेजमडे की तरह अपनी दोनों गौशाला में इस फुग्गा सिस्टम बहुत ही कम लागत में लगवाया है

लगभग 35000 की लागत से दोनों गौशाला में गौवंश को हीट वेव से राहत मिल रही है। इस सिस्टम में लगे नोजिल से पानी की हल्की हल्की पानी की फुव्हारों से गौवंश को काफी राहत मिल रही है कान्हा गौशाला व बरौला गौशाला के पूरे शैड में 80 फुग्गा नोजिल लगाये गये है जिनको लगातार चलाया जाता है।

उन्होनें बताया कि गौशाला में गौवंश को हीट वेव से बचान के लिये नगर निगम द्वारा पूरे प्रबंध किये गये है गौशाला में ग्रीन नेट, पंखे और कूलर के साथ साथ अब फुग्गा सिस्टम लगाये जाने से इस बढ़ती हुयी गर्मी में गौवंश को राहत देने की कोशिश की गयी है।

## कुतुबपुर गांव का ट्रांसफार्मर जला

सबसे तेज प्रयागराज

फूलपुर। खंसार विद्युत उपकेंद्र मैलहन से संचालित कुतुबपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास लगा 25 के.वी.ए का विद्युत ट्रांसफार्मर पखवारे भर से तकनीकी खराबी के चलते जला पड़ा है। जिसकी शिकायत ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा नियमानुसार कर दी गई है। परंतु अभी तक इस भीषण गर्मी में कोई सुनवाई नहीं हुई। जब की सूबे के मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया है की भीषण गर्मी को देखते हुए जो भी विद्युत ट्रांसफार्मर जले उसे 24 घंटे के अंदर बदल दिया जाय लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा है । इस हेतु ग्रामीणों ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख फूलपुर यही से निर्विरोध निर्वाचित होकर ब्लाक प्रमुख बने है उनसे भी सिफारिश कराई गई। परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई राम तवंकल बिंद ने बताया कि अविलंब ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में समस्या लाने के बाद मजबूर होकर ग्रामीण धरना प्रदेशन के लिए बाध्य होंगे।

# फायदा नहीं नुकसान पहुंचाता है जरूरत से ज्यादा दूध, जानें एक दिन में कितने कप पीना सही



**दूध हमारी सेहत के लिए बेहद जरूरी है। लोग अक्सर सही विकास और वृद्धि के लिए दूध को अपनी डाइट में शामिल करते हैं लेकिन इसका लाभ लेने के लिए भी सही मात्रा में इसे पीना जरूरी है। कई लोगों का ऐसा मानना है कि जितना ज्यादा दूध पिएंगे उतना ही फायदा पहुंचेगा। हालांकि यह पूरी तरह सच नहीं है। आइए जानते हैं एक दिन में कितना दूध पीना चाहिए।**

दूध को हमेशा से ही एक पौष्टिक और सम्पूर्ण आहार माना जाता रहा है। इसके बिना हेल्दी डाइट अधूरी सी लगती है। खास तौर पर बच्चों को सही विकास और वृद्धि के लिए घर के बड़े-बुजुर्ग भरपूर मात्रा में दूध देते हैं। हालांकि, किसी भी चीज की सीमित मात्रा लेने पर ही इससे होने वाले फायदों का लाभ उठाया जा सकता है। जरूरत से ज्यादा कोई भी चीज सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसा ही कुछ दूध के साथ भी है।कई लोगों का मानना है कि सही शारीरिक विकास के लिए भरपूर मात्रा में दूध जरूरी है। हालांकि, यह पूरी तरह सच नही हैं। यह सच है कि दूध संपूर्ण आहार का हिस्सा है, लेकिन इसे पीने की भी एक सीमित मात्रा है। सर्दी-जुकाम, खांसी, अपच, डायरिया, स्किन डिजीज जैसे मामलों में दूध बिल्कुल भी नहीं पीना चाहिए। इसके अलावा ऐसे लोग, जिन्हें दूध से एलर्जी है, जिसे लैक्टोज इनटोलरेंस कहते हैं, उनके लिए भी दूध पीना नुकसानदायक साबित हो सकता है। आइए जानते किसके लिए और कितना दूध पीना फायदेमंद-

**कितना दूध पीना सही**

एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से दूध पीना ही चाहिए। इसमें मौजूद कैल्शियम, विटामिन बी12, विटामिन डी, कैलोरी, पोटैशियम, प्रोटीन और हेल्दी फैट शरीर को जरूरी पोषण देते हैं। यूनाइटेड स्टेट्स में नेशनल डाइटरी गाइडलाइंस के अनुसार एक वयस्क व्यक्ति को प्रतिदिन 3 कप ( 750द्वग्र) दूध पीना चाहिए और बच्चों के लिए एक से 2.5 कप दूध पीना पर्याप्त है।

हालांकि, ये मात्रा हर व्यक्ति की शारीरिक जरूरतों के अनुसार घट या बढ़ भी सकती है। एक संतुलन की बात करें तो प्रतिदिन 500द्वग्र दूध भी शरीर की कैल्शियम और विटामिन डी की जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त है।

**ज्यादा दूध पीने के नुकसान**

स्वीडन में हुए एक शोध के अनुसार 3 कप से ज्यादा दूध पीने से हिप फ्रैक्चर, हड्डी संबंधी समस्याएं और यहां तक की मौत का खतरा भी अधिक हो जाता है। इसलिए इस मिथक को सत्य न मानें कि जितना ज्यादा दूध उतनी मजबूत हड्डियां। बच्चों को ज्यादा दूध पिलाने से दूध में मौजूद कैलोरी पेट भरा हुआ महसूस कराती है, जिससे बच्चा खाने की तरफ दिलचस्पी नहीं ले पाता है।

वहीं, ज्यादा दूध पीने से उनमें आयरन की मात्रा कम होने लगती है। खास तौर पर फेरिटिन नाम का आयरन जो कि एक आयरन स्टोरेज के रूप में शरीर में मौजूद होता है। इससे आयरन डिफिशिएंसी एनीमिया की संभावना बढ़ जाती है।

**कितना सुरक्षित फ्लेवर्ड दूध?**

अपनी डाइट में फ्लेवर्ड दूध की मात्रा सामान्य दूध की मात्रा से भी कम रखें, क्योंकि स्वाद बढ़ाने के चक्कर में इसकी पौष्टिकता कम हो जाती है। साथ ही अन्य दूध जैसे बादाम का दूध, सॉय मिल्क जैसे विकल्प लेने से पहले इनकी सीमित मात्रा की चर्चा अपने डायटिशियन से जरूर करें।

# गद्दी से प्यार, जनादेश से तकरार!

यही वह जगह है जहां से बहुत से लोगों द्वारा उठाए जा रहे इस तरह के सवालों का जवाब निकलेगा कि क्या तेलुगू देशम्, जदयू जैसी पार्टियां, मोदी की भाजपा के सांप्रदायिक तेवरों पर अंकुश लगाएंगी? या क्या ये पार्टियां मोदी राज के तानाशाही के तेवरों पर अंकुश लगा पाएंगी? क्या ये भाजपा की सहयोगी पार्टियां, आम तौर पर विपक्ष के खिलाफ तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं व बुद्धिजीवियों आदि के खिलाफ, मोदी निजाम केतानाशाहाना तेवरों को नरम कर पाएंगी?कहावत है–पूत के पांव पालने में ही दीख जाते हैं। आम चुनाव के नतीजे आने के बाद गुजरे करीब दो सप्ताहों में ही, नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक के बाद एक, इसके काफी संकेत दे दिए हैं कि, नयी मोदी सरकार, पिछली मोदी सरकार का ही अगला संस्करण साबित होने जा रही है। बेशक, इसका सबसे बड़ा संकेत तो तभी मिल गया था, जब प्रधानमंत्री के साथ उनके लगभग पूरे मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण में, सहयोगी पार्टियों को अपेक्षाकृत सस्ते में निपटा दिया गया। हालांकि, मोदी की भाजपा भी इससे इंकार नहीं कर सकती है कि इस बार जनादेश, साफ तौर पर एक वास्तविक गठबंधन सरकार के पक्ष में यानी ऐसी सरकार के लिए है जिसका अस्तित्व गठबंधन के कायम रहने न रहने पर निर्भर होगा, फिर भी सहयोगी पार्टियों को उनकी संख्या के अनुपात से काफी कम, पांच कैबिनेट मंत्रिपदों समेत, कुल 11 मंत्रिपदों में निपटा दिया गया।बाद में इसी सिलसिले को और आगे बढ़ाते हुए गृह, वित्त, रक्षा व विदेश ही नहीं, शिक्षा, रेल, स्वास्थ्य, कृषि, वाणिज्य, कानून आदि, प्राय- सभी वजनदार मंत्रालय भाजपा के हाथों में ही रखते हुए, न सिर्फ सहयोगी पार्टियों को सस्ते में निपटा दिया गया बल्कि मंत्रिमंडल के बड़े हिस्से में जिम्मेदारियां पिछली सरकार वाली ही बनाए रखते हुए, सचेत रूप से यह संदेश देने की कोशिश की गयी कि प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं, पूरी सरकार ही पहले वाली ही है। इसी संदेश को और आगे बढ़ाते हुए, मंत्रिपरिषद में विभागों के वितरण के फौरन बाद, अजीत डोभाल को एक बार फिर पांच साल के लिए राष्टीय सुरक्षा सलाहकार और पीके मिश्र को प्रधानमंत्री का प्रिंसिपल सेक्रेटरी बना दिया गया। ये दोनों वरिष्ठ नौकरशाह, 2014 से ही नरेंद्र मोदी निजाम महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं।वास्तव में नरेंद्र मोदी, इस चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही, चुनावी जनादेश के इस बुनियादी सच को छुपाने, दबाने, मिटाने की कोशिशों में ही लगे रहे हैं कि इस बार जनता का फैसला, 2014 और 2019 के उसके फैसले से गुणात्मक रूप से भिन्न है, जब जनता ने भाजपा को अकेले ही बहुमत दिया था और इसी के दूसरे पहलू के तौर पर, विपक्ष की ताकत को काफी कमजोर बनाए रखा था। बेशक, 2014 और 2019 के चुनाव के बाद भी एनडीए के नाम पर मोदी की भाजपा ने प्रमुख सहयोगी पार्टियों को सत्ता में थोड़ी-बहुत हिस्सेदारी देना मंजूर किया था, लेकिन यह मोदी की भाजपा के छोटा सा हिस्सा देना मंजूर करने की कार्यनीति अपनाने का ही मामला था, जो इन सरकारों को अपनी प्रकृति से गठबंधन सरकार बनाने के लिए बिल्कुल नाकाफी था। हैरानी की बात नहीं है कि मोदी के दूसरे कार्यकाल तक आते-आते, एनडीए सिर्फ नाम के वास्ते ही रह गया था, वर्ना अपने पूर्व-संस्करणों के विपरीत, अब न तो एनडीए का कोई साझा कार्यक्रम था और न ही गठबंधन में चर्चा तथा निर्णय के लिए, तालमेल कमेटी जैसा कोई निकाय था। नरेद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में तो गठबंधन की कोई बैठक तक नहीं बुलाई गई थी। विचार और निर्णय की सारी राजनीतिक प्रक्रिया मोदी-शाह जोड़ी से शुरू होकर, उन्हीं पर खत्म हो जाती थी।स्वाभाविक रूप से अलग-अलग मुद्दों पर 2019 के चुनाव से पहले चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम् पार्टी, उस चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिव सेना, नये कृषि कानूनों के मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल, बिहार विधानसभा चुनाव के फौरन बाद चिराग पासवान के नेतृत्व वाली एलजेपी और आगे चलकर, नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड तथा अन्य कई छोटे-छोटे दलों के छिटक कर अलग हो जाने से, मोदी के दूसरे कार्यकाल के आखिर तक आते-आते, एनडीए को व्यवहार में भुलाया ही जा चुका था। विपक्ष की एकजुट होकर गठबंधन बनाने की कोशिशों के मुकाबले, अकेले भाजपा की ताकत और उससे भी बढ़कर मोदी की लोकप्रियता की ताकत का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन होता था और एक अकेला सब पर भारी की शेखियां मारने में, खुद सुप्रीम नेता तक गर्व का अनुभव करता था। वह तो जब इंडिया के नाम से विपक्षी गठबंधन ने आकार ग्रहण करना शुरू कर दिया और इस गठबंधन की ताकत के गणित के आगे मोदी की भाजपा अपने सारे साधनों तथा हथियारों के बावजूद कमजोर दिखाई देने लगी, तब मोदी-शाह जोड़ी को एनडीए को तहखाने से निकालकर बाहर लाने की जरूरत पड़ी।

लेकिन, इसके बावजूद उन्हें एनडीए का कोई वास्तविक पुनर्जीवन स्वीकार नहीं हुआ। इंडिया गठबंधन के मुकाबले, उत्तर-पूर्व की अनेक छोटी-छोटी पार्टियों तथा कई नाम मात्र की पार्टियों की और बड़ी सूची तो बनाकर पेश कर दी गयी, लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने के सिवा, इस गठबंधन की और कोई भूमिका नहीं थी। इतना ही नहीं, संघ-भाजपा को अपने इस गठबंधन की वास्तविकता का एहसास था, इसलिए ऐन आम चुनाव की पूर्व-संध्या में कथित चाणक्य नीति का सहारा लेते हुए, विभिन्न उपायों तथा तिकड़मों से टार्गेटेड अभियान चलाकर कर्नाटक में देवगौड़ा की पार्टी जनता दल सेकुलर,



आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम् और बिहार में नीतीश कुमार की जनता दल-यूनाइटेड को मोदी के पाले में लाया गया। याद रहे कि ऐन चुनाव के मौके पर मोदी के पाले में लाई इन्हीं पार्टियों के सहारे, मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने के लिए जरूरी साधारण बहुमत मिल पाया है।

हैरानी की बात नहीं है कि चुनाव नतीजे आने के बाद से, प्रधानमंत्री की जुबान पर एनडीए का नाम बखूबी चढ़ गया है। नतीजे के फौरन बाद, ऐतिहासिक जीत का दावा करने वाले अपने संबोधन में और फिर कथित एनडीए संसदीय दल द्वारा नेता चुने जाने के बाद अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने बीसियों बार उस एनडीए का नाम लिया, जिसे सीढ़ी बनाकर ही वह सत्ता तक पहुंच सकते थे। इस सब में उन्होंने संघ और भाजपा के भी अपने अनेक सहयोगियों को हैरान करते हुए, एक अभूतपूर्व पैंतरे को आजमाते हुए, अपने भाजपा संसदीय दल द्वारा नेता चुने जाने की औपचारिकता पूरी करना भी जरूरी नहीं समझा, कि कहीं उस प्रक्रिया में कोई विरोधी या नाखुशी के स्वर न सुनने पड़ जाएं। इसके बजाय, हाथ के हाथ एनडीए संसदीय दल नाम का एक नया निकाय गढ़कर, जिसमें मुख्यमंत्रियों समेत अनेक नेताओं को बैठा लिया गया, नरेंद्र मोदी के नाम का अनुमोदन करा लिया गया। जाहिर है कि सैद्धांतिक रूप से यह भाजपा संसदीय दल से कहीं व्यापक आधार वाले निकाय का समर्थन हुआ, जिसके बाद भाजपा संसदीय दल के अनुमोदन का सवाल उठाना, मीन-मेख निकालना ही लगता, जोकि किसी ने भी नहीं किया। लेकिन, यह कहना मुश्किल है कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से, आरएसएस के शीर्ष नेतृत्व से धीमे सुर में जो आलोचनाएं सामने आई हैं, उनके पीछे चुनावी धक्के की खीझ के अलावा किसी चर्चा की गुंजाइश न छोड़ते हुए, इकतरफा तरीके से फैसले लाद दिए जाने पर, संघ-भाजपा की कतारों की झुंझलाहट भी है।बहरहाल, एनडीए संसदीय दल के नाम सहारा लेने का पैंतरा अपनी जगह, जैसा हमने शुरू में ही कहा, मोदी की भाजपा को सहयोगी पार्टियों को सत्ता में समुचित हिस्सेदारी देना मंजूर नहीं हुआ है। यही नहीं, चुनाव से पहले एनडीए की एक गठबंधन के रूप में जो दरिद्र स्थिति थी, ना कोई साझा कार्यक्रम और न ही विचार-विमर्श व निर्णय के लिए कोई साझा निकाय, उसमें भी इस पैंतरे के आजमाए जाने के बावजूद कोई बदलाव होने के, कम से कम अब तक कोई आसार नहीं हैं। वास्तव में मोदी की भाजपा को यही स्थिति माफिक भी बैठती है। सहयोगी पार्टियों से अलग-अलग सौदेबाजी करना, उसके लिए ज्यादा फायदे का सौदा है क्योंकि इसमें बात हमेशा सौदे के, लेन-देन के स्तर पर रहेगी, जिसमें ताकत के असंतुलन के बल पर, सहयोगी पार्टियों को कम से कम स्वीकार करने के लिए दबाया जा सकता है। इसके विपरीत, गठबंधन अगर साझा कार्यक्रम तथा उसका पालन सुनिश्चित करने के लिए तालमेल कमेटी जैसे किसी निकाय के जरिए काम करने वाले गठबंधन का रूप ले लेता है, तो अपने तुलनात्मक रूप ज्यादा ताकतवर होने के बावजूद, मोदी की भाजपा को या कहें कि मोदी को, सहयोगियों के सामूहिक दबाव का अंकुश स्वीकार करना पड़ सकता है। और यह अंकुश सहयोगी दलों के अपने स्वार्थों तक सीमित न रहकर, आमतौर पर शासन की नीतियों तथा निर्णयों तक जा सकता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठने के बाद नरेंद्र मोदी को यह मंजूर होने की संभावनाएं कम ही हैं।यही वह जगह है जहां से बहुत से लोगों द्वारा उठाए जा रहे इस तरह के सवालों का जवाब निकलेगा कि क्या तेलुगू देशम्, जदयू जैसी पार्टियां, मोदी की भाजपा के सांप्रदायिक तेवरों पर अंकुश लगाएंगी? या क्या ये पार्टियां मोदी राज के तानाशाही के तेवरों पर अंकुश लगा पाएंगी? क्या ये भाजपा की सहयोगी पार्टियां, आम तौर पर विपक्ष के खिलाफ तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं व बुद्धिजीवियों आदि के खिलाफ, मोदी निजाम के तानाशाहाना तेवरों को नरम कर पाएंगी? या क्या ये पार्टियां मोदी की भाजपा के संघवाद-विरोधी हमले को कमजोर कर पाएंगी? संक्षेप में यह कि क्या गठबंधन की सरकार की यह मजबूरी, जो 2024 के जनादेश का अभिन्न अंग है, सरकार में मोदी की भाजपा की मनमानी पर प्रभावी अंकुश लगा पाएगी? बेशक, आने वाले दिनों में हम किसी न किसी रूप में यह रस्साकशी देखेंगे और बाहर से दबाव के रूप में सही, इसी जनादेश के एक और जरूरी अंग के तौर पर आई विपक्ष की उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हुई ताकत और उसके स्वर की प्रखरता, इस रस्साकशी के नतीजों को प्रभावित कर रही होगी।

## संपादकीय

### ईवीएम पर बढ़ता संदेह

दुनिया के सबसे बड़े कारोबारियों में से एक एलन मस्क ने दुनिया भर के उन देशों के राजनेताओं की नींदें उड़ा दी हैं जहां पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के जरिये मतदान होता है। भारत में इसे लेकर सर्वाधिक बवाल मचना इसलिये लाजिमी है क्योंकि इसे लेकर सबसे ज्यादा विवाद यहीं हुआ है। यहां तो केन्द्र के साथ अनेक राज्यों में सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी पर आरोप है कि उसने बड़े पैमाने पर ईवीएम को हैक कर अपने पक्ष में जनादेश पाये हैं। पिछले कई विधानसभा चुनावों के साथ कहा जाता है कि अभी हाल में हुए लोकसभा चुनाव भी भाजपा ने बड़े पैमाने पर इसके माध्यम से जीता है।

यह विवाद 2019 के आम चुनाव के तुरन्त बाद से ही सुप्रीम कोर्ट तो पहुंचा था लेकिन उस पर गम्भीर व प्रदीर्घ सुनवाई चुनाव के आते-आते ही हुई थी। जब निर्णय पहले चरण के मतदान के बाद बाद आया तभी यह साफ हो गया था कि फिलहाल देश के चुनाव इसी पद्धति से होंगे, न कि बैलेट पेपर के जरिये जिसकी मांग की जाती रही है। शीर्ष कोर्ट ने यह भी नहीं माना कि शत-प्रतिशत वीवीपैट से वोटों का मिलान किया जाये क्योंकि सरकार की दलील थी कि इस तरीके से (मतपत्रों को गणना) परिणाम आने में बहुत देर लगेगी। वैसे ईवीएम को लेकर कई सिविल सोसायटियों, वरिष्ठ वकीलों एवं कुछ राजनीतिक दलों ने भी आवाजें उठाई थीं। जो भाजपा 2014 के पहले तक इसके खिलाफ थी, वह अब इसकी सबसे मजबूत पक्षधर है और यहां तक कि उसके साथ हर कदम पर खड़ा दिखाई देने वाला केन्द्रीय चुनाव आयोग तक इसके खिलाफ कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।

बहरहाल, इस मामले के फिर से उठने का कारण एलन मस्क द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के उस पोस्ट को रिट्विट करना है जिसमें प्यूर्टो रिको में ईवीएम के माध्यम से हुए चुनाव में बहुत सी अनियमितताओं का हवाला दिया गया है। मस्क ने यह कहकर इसके इस्तेमाल पर प्रतिबन्ध लगाने का सुझाव दिया है कि कोई भी मशीन हैक की जा सकती है। उनका यह भी कहना है कि जोखिम चाहे छोटा ही क्यों न हो, वह है ही। भारत जैसे बड़े देश में इस खतरे का आकार और भी बड़ा हो जाता है; फिर मामला ऐसे चुनाव का हो जिसमें देश को चलाने वाली सरकार के सही या गलत तरीके से बनने का है, तो इसे कतई नज़रंदाज़ नही किया जाना चाहियेौसे अनुमानों के मुताबिक यह मामला उठते ही इस पर फिर से सियासी जंग देश के अंदर छिड़ गयी है। भाजपा की पिछली सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहे राजीव चंद्रशेखर ने तो मस्क को भारत आकर कुछ सीखने की सलाह देते हुए कहा कि %यहां की ईवीएम मशीनों की बाहर से कोई कनेक्टिविटी नहीं है अत- उनके हैक होने का सवाल ही नहीं है।% उनका यह भी दावा है कि %फैक्ट्री के स्तर पर ही प्रोग्राम की हुई ईवीएम को रिप्रोग्राम नहीं किया जा सकता।% मस्क के इस कथन पर कि सब तुछ हैक किया जा सकता है, चंद्रशेखर ने कहा कि %कैलकुलेटर या टोस्टर को हैक नहीं किया जा सकता।% उनका यह प्रत्युत्तर तो बेहद बचकाना है लेकिन ईवीएम के बचाव में कई भाजपा नेता ही नहीं, उसके नेतृत्व में बने नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के अनेक घटक दल के नेता गम्भीरता से पलटवार कर रहे हैं मानो मस्क ने उनके खिलाफ बयान दिया हो।

समाजवादी पार्टी के नेता व सांसद अखिलेश यादव ने कह दिया कि %यदि प्रौद्योगिकी समस्या हो तो उसका इस्तेमाल बन्द होना चाहिये%, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मशीन की तुलना हवाई जहाज के %ब्लैक बॉक्स% से करते हुए कहा है कि इसकी जांच करने से सब साफ हो जायेगा (जैसे ब्लैक बॉक्स की जांच से दुर्घटना के कारणों का पता चलता है)। इसके जवाब में महाराष्ट के सीएम व शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे ने कहा है कि अगर मशीनों में गड़बड़ी है तो राहुल इस्तीफा दें। दूसरी तरफ, चुनाव के पहले कांग्रेस का साथ छोड़ने वाले संजय निरूपम ने कहा कि यदि मशीनों को हैक किया जा सकता था तो राहुल एक भी जगह से चुनाव नहीं जीतते और न ही भाजपा 240 सीटों पर ठहरती। वैसे इस विवाद के फिर से सुलगने का एक कारण महाराष्ट से उठ खड़ा हुआ है। आरोप है कि यहां मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने 4 जून (चुनावी नतीजों के दिन) को मतगणना के दौरान एक ऐसे मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो कि ईवीएम से जुड़ा था। हालांकि इसके बारे में कोई पुष्टि नहीं हो सकी है और वहां की निर्वाचन अधिकारी ने साफ कह दिया है कि ऐसा सम्भव ही नहीं है।जो भी हो, अगले लोकसभा चुनाव में 5 वर्षों का समय है और उसके पूर्व कई राज्यों के चुनाव होंगे जिनमें से कुछ में इसी वर्ष होने जा रहे हैं। मस्क के बयान को ऐसे व्यक्ति के कथन के रूप में लिया जाना चाहिये जो अत्याधुनिक तकनीकों का जानकार है तथा उसे इस देश की सियासत से कोई लेना-देना नहीं है; और न ही वह खुद किसी भी देश की राजनीति में सक्रिय है जिसका इस मुद्दे में कोई निजी या व्यवसायिक हित संलग्न हो।

# क्या सत्ता में बैठे व्यक्ति को अहंकारी होना चाहिये



संघ द्वारा भाजपा में कांग्रेस के दलबदलियों को भाजपा में शामिल करने की भी सख्त आलोचना की गई है। जो लोग सतत संघ और भाजपा की आलोचना करते थे उन्हें भाजपा में शामिल करने से भारी नुकसान हुआ है। जोड़तोड़ की राजनीति संघ को नहीं आती है। कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करके भाजपा की छवि को खराब किया गया है, जिससे ऐसे लोग जो आरएसएस में नहीं हैं और उसके प्रति सहानुभूति रखते हैं वे भी संघ से दूर हो गये हैं।इस समय राष्टीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर जबरदस्त हमला हो रहा है। संघ का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व अत्यधिक आत्मविश्वासी और अहंकारी हो गया है। यह आरोप संघ के मुखपत्र आर्गनाइज़र में संघ के प्रमुख चिंतक रतन शारदा द्वारा लगाया गया है। उनका आरोप है कि यदि नेतृत्व अहंकारी नहीं होता और अति आत्मविश्वासी नहीं होता तो भाजपाकी झोली में लोकसभा की 400 सीटें आ जातीं।यद्यपि नाम नहीं लिया जा रहा है परंतु बहुत साफ है कि यह हमला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है। इस बात पर कोई संदेह नहीं कि किसी व्यक्ति का पद जितना ऊंचा हो उतना ही उससे यह अपेक्षा होती है कि वह उतना विनम्र और सोम्य हो। भारतीय जनता पार्टी में अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही नेता थे। वे जब तक प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने संघ से संपर्क बनाए रखा।अब हम कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों की चर्चा करें तो प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी कहीं से अहंकारी नजर नहीं आते थे। बड़े नेताओं से लेकर आम जनता तक उनका सतर्क सम्पर्क रहता था। वे जब दिल्ली में रहते थे तो रोज़ कम से कम 500-600 लोगों से अपने निवास-तीन मूर्ति मार्ग पर मिलते थे। उनके उत्तराधिकारी लाल बहादुर शास्त्री तो दिखने में कतई प्रधानमंत्री नहीं लगते थे। उनकी इमेज लगभग एक किसान नेता की थी। शास्त्री जी के बाद इन्दिरा जी प्रधानमंत्री बनीं। इन्दिरा जी का स्वभाव कुछ हद तक अहंकारी था परंतु राष्ट्र के हित में वे अपने अहंकार का चोला उतार फेंक देती थीं। इस संबंध में दो घटनाएं मुझे याद आ रही हैं-उत्तरप्रदेश में चुनाव होने वाले थे। उत्तरप्रदेश की राजनीति में हेमवती बहुगुणा का काफी महत्व था। चुनाव के पूर्व इन्दिरा जी और बहुगुणा में कुछ मतभेद थे। परंतु चुनाव की खातिर वे बहुगुणा से मिलने गईं और उस मुलाकात के बाद दोनों के मतभेद दूर हो गये।

जब बंगलादेश का युद्ध चल रहा था तो यह आवश्यक समझा गया कि देश में सांप्रदायिक सौहाद्र बना रहे। इस काम में वे जानती थीं कि राष्टीय स्वयं संघ के प्रमुख गोलवलकर की प्रमुख भूमिका हो सकती है। गोलवलकर से इन्दिरा जी के संबंध कभी मधुर नहीं थे। परंतु राष्ट्र के हितों को देखते हुए उन्होंने गुरू गोलवलकर से मधुर संबंध बनाना आवश्यक समझा। इसमें उन्होंने अटल बिहारी वायपेयी का उपयोग किया। उन्होंने वाजपेयी जी ने अनुरोध किया कि वे नागपुर जायें और गुरू जी को मेरा संदेश दें कि इस दरम्यान यदि देश में एक भी मुसलमान का एक बूंद भी खून बहा तो मेरी नाक कट जायेगी। यह काम गुरू जी ही सुनिश्चित कर सकते हैं। मैं चाहती हूं कि वे यह जिम्मेदारी पूरी संजीदगी से निभा सकते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी नागपुर गये और इन्दिरा का यह संदेश गुरू गोलवकर को दिया। गोलवलकर जी यह संदेश पढ़कर बहुत प्रसन्न हुये और उन्होंने इन्दिरा जी से फोन पर कहा कि वह इतना ऐतिहासिक काम कर रही हैं कि उसके लिए मेरे शरीर के खून का एक-एक कतरा हाजिर है। इन संदेशों के आदान-प्रदान से हिन्दुस्तान के एक-एक नागरिक ने इन्दिरा जी के प्रति अपनी वफादारी दिखाई और भारत में पाकिस्तान के दो टुकड़े करने का ऐतिहासिक काम हासिल किया। और भी कई मौके हैं जब इन्दिरा जी ने अपने अहंकार को त्यागकर देश के हित में कई निर्णय लिये।राजनीतिज्ञ का अंहकार उसका कैसा नुकसान करता है उसका एक उदाहरण मध्यप्रदेश का है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित डी.पी. मिश्रा थे। स्वभाव से दृढ़निश्चयी। जो निर्णय ले लिया उस पर वे हर हालत में कायम रहते थे। उनके पद पर रहते हुए कांग्रेस के 36 विधायक पार्टी छोड़कर चले गये और वे गोविन्द नारायण सिंह और राजमाता के नेतृत्व में सरकार में शामिल हो गये।

दल-बदल की खबरें आने लगीं। अनेक लोगों ने पंडित मिश्र से अनुरोध किया यदि वे इन लोगों से बात करके उनको मनाने की कोशिश करें तो सरकार बच जायेगी। मिश्र जी से यहां तक कहा गया कि यदि वह विधायक विश्राम गृह की गैलरी से पैदल निकल जायेंगे तो सारे विधायक उनसे मिलने के लिए आ जायेंगे और इतना करने से ही सरकार बच जायेगी। पंडित मिश्र ने कहा कि मैं कदापि इन भगोड़ो के सामने हाथ नहीं जोडूंगा। यदि मेरे कहने पर ये दलबदल नहीं करते हैं तो वे मुख्यमंत्री हो जायेंगे और मैं सड़क पर आ जाऊंगा। वे आखिर तक अपने निर्णय पर कायम रहे और विधानसभा में उनकी सरकार गिर गई।इसी तरह का मोदी जी के स्वभाव में भी अहंकार है। आर्गनाइज़र में लिखते हुए श्री शारदा लिखते हैं कि नरेन्द्र मोदी आभामंडल के आनंद में डूबे रह गये और आमजन की आवाज़ को अनदेखा कर दिया। तो इसी तरह के स्वभाव के नतीजे में भाजपा 400 सीटों की मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकी। यहां यह बताना आवश्यक है कि संघ का मुख्य उद्देश्य भारतवर्ष को हिन्दू राष्ट बनाना है। 2024 के चुनाव में जो कुछ हुआ उससे यह संभावना फिलहाल पूरी तरह समाप्त हो गई है।

संघ द्वारा भाजपा में कांग्रेस के दलबदलियों को भाजपा में शामिल करने की भी सख्त आलोचना की गई है। जो लोग सतत संघ और भाजपा की आलोचना करते थे उन्हें भाजपा में शामिल करने से भारी नुकसान हुआ है। जोड़तोड़ की राजनीति संघ को नहीं आती है। कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करके भाजपा की छवि को खराब किया गया है, जिससे ऐसे लोग जो आरएसएस में नहीं हैं और उसके प्रति सहानुभूति रखते हैं वे भी संघ से दूर हो गये हैं। राजनीति में जो बड़े पदों पर हैं उन्हें अकबर और बीरबल के किस्सों से सबक लेना चाहिए।

अकबर महान सम्राट थे परंतु वे बीरबल के समान अनेक लोगों की सलाहों को राज्यशासन के हित में मान लेते थे। इसी तरह भारतीय साहित्य की प्रमुख पुस्तक पंचतत्र में भी इस तरह के अनेक किस्से हैं-जब बड़े लोगों ने अपने अहम को त्यागा। नेताओं के साथ सरकारी अधिकारियों से भी यह अपेक्षा है कि वह अपने अहंकार को त्यागकर जनता से व्यवहार करें।

## दिल्ली का ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए 64 लाख पौधे लगाने का रखा लक्ष्य: गोपाल राय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वन एवं पर्यावण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में पौधारोपण अभियान को लेकर 25 से ज्यादा एजेंसियों के साथ बैठक हुई। इसमें दिल्ली सरकार ने इस साल 64 लाख पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य तय किया है।

इस बैठक में वन विभाग,डीडीए, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग, एनडीएमसी, दिल्ली जल बोर्ड, पर्यावरण विभाग,डीएसआईआईडीसी, सीपीडब्ल्यूडी, एनडीपीएल, आईएफसीडी,नार्दन रेलवे, बीएससीएस, पर्यावरण आदि विभागों के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के बाद गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार ने इस साल 64 लाख पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य तय किया है। इसमें 24 लाख 83 हजार बड़े पौधे और 31 लाख 57 हजार झाड़ियां लगाई जाएंगी और 7 लाख 74 हजार पौधे दिल्ली के लोगों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। पिछले साल हमने 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस साल हमने 64 लाख पौधे लगाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है। उसमें सबसे ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य वन विभाग ने लिया है। वन विभाग 20 लाख 40 हजार पौधे लगाएगा। जबकि डीडीए 10 लाख 20 हजार , एनडीएमसी 6 लाख, शिक्षा विभाग 3.30 लाख, एमसीडी 6 लाख , आदि लगभग पौधे लगाएगी। इसके साथ-साथ अन्य एजेंसी भी पौधारोपण का कार्य करेंगी।

## नई दिल्ली के प्रमुख उद्यानों में एनडीएमसी योग शिविरों का आयोजन पूरे जोरों पर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को नई दिल्ली क्षेत्र में सफलता पूर्वक आयोजित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) योग दिवस के बिल्ड-अप कार्यक्रम के एक भाग के रूप में योग शिविरों का आयोजन कर रही है। एनडीएमसी के ये योग शिविर 18 जून से 20 जून तक तालकटोरा गार्डन, नेहरू पार्क और लोधी गार्डन में रोज़ाना सुबह 6.30 से 8.30 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। सुबह की सैर करने वाले/जॉगर्स, स्थानीय निवासी और अन्य योग प्रेमी इन योग बिल्ड- अप कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

एनडीएमसी तालकटोरा गार्डन में गायत्री परिवार, लोधी गार्डन में पतंजलि और नेहरू पार्क में आर्ट ऑफ लिविंग के साथ सहयोग कर रही है। योग बिल्ड अप शिविरों में ये योग संगठन योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिदिन योग सत्र आयोजित कर रहे हैं। योग आसन और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए रिहर्सल भी करा रहे हैं। एनडीएमसी के अनुसार नई दिल्ली क्षेत्र में मुख्य योग दिवस कार्यक्रम में 08 स्थानों पर करीब सात हजार प्रतिभागी भाग लेंगे। मुख्य दिवस कार्यक्रम के सुचारु आयोजन हेतु कुल 08 नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभाग, आयुष मंत्रालय एवं सहयोगी योग संस्थान के साथ समन्वय एवं व्यवस्था हेतु एक विस्तृत कार्य योजना पर विस्तार से कार्य किया जा रहा है।

## चार मंजिला फैक्टरी में लगी आग



**नई दिल्ली।** शाहदरा इलाके में कपड़े की एक फैक्टरी में सुबह अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलने पर दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। खबर लिखे जाने तक कूलिंग का काम जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार मंगलवार सुबह 9.55 बजे सूचना मिली कि गली नंबर 06, जैन मंदिर वाली गली रघुवर पुरा स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई है सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। जिस फैक्टरी में आग लगी वह चार मंजिला बनी हुई है। फिलहाल कूलिंग का काम जारी है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, जांच पड़ताल के बाद हॉक्स कॉल घोषित

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) से दुबई की ओर उड़ान भरने वाली फ्लाइट में बम होने की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक सुबह 9:30 बजे के करीब इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम रखे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरी जांच की, जिसके बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और इसे हॉक्स कॉल घोषित कर दिया गया। इससे कुछ दिन पहले ही दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से टेक ऑफ करने वाली वाली कम से कम आधा दर्जन फ्लाइट में बम की कॉल मिली थी। बीते दिनों कनाडा जाने वाली फ्लाइट को भी बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला था। बाद में दिल्ली पुलिस ने खुलासा किया कि ये एक 13 साल के नाबालिग की शरारत थी और इस बच्चे को डिटेन भी किया गया था।

# गलत सूचना शांति, स्थिरता के लिए खतरा और लोकतंत्र के लिए चुनौती : धनखड़

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सूचनाओं और जानकारियों को नियंत्रित करने की सलाह देते हुए कहा है कि अनियंत्रित सूचना और फर्जी खबरें अकल्पनीय आपदा पैदा कर सकती हैं।

श्री धनखड़ ने यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में भारतीय सूचना सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह से बातचीत करते हुए कहा कि गलत सूचनाओं और जानकारी को जड़ से समाप्त करने के लिए तेजी से काम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा,सूचना शक्ति है, सूचना बहुत खतरनाक शक्ति है, सूचना वह शक्ति है जिसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गलत सूचनाओं और जानकारियां किसी आपदा को जन्म दे सकती हैं इसलिए इनका मुकाबला तुरंत किया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि



सूचना क्रांति के इस दौर में गलत सूचना शांति और स्थिरता के लिए बहुत बड़ा खतरा बन गई है और लोकतंत्र के लिए चुनौती बन गई है। उन्होंने जोर दिया कि इस तरह की गलत सूचना हमारे सुरक्षा और रक्षा तंत्र पर बहुत बुरा असर डालती है।

सूचना को सबसे शक्तिशाली हथियार और युद्ध का पांचवा आयाम बताते हुए श्री धनखड़ ने आगाह किया कि हमारे सूचना क्षेत्र में छद्म लोगों द्वारा फैलाई गई जोड़-तोड़, विभाजनकारी और एजेंडा संचालित कहानियां हमारे देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए वास्तविक खतरा हैं। श्री धनखड़ ने सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए सरकारी अधिकारियों की सराहना की और कहा,आपको फर्जी खबरों को जड़ से खत्म करना होगा। भारत को दुनिया का सबसे जीवंत लोकतंत्र बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी सरकार की वैधता इस बात पर निर्भर करती है कि लोगों का उस पर कितना भरोसा है। उन्होंने कहा कि आईआईएस अधिकारी नागरिकों और उनकी चुनी हुई सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त और सुसज्जित हैं। वैश्विक मीडिया का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने का आह्वान करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि कभी भी दूसरों को अपने बारे में राय बनाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

## दिल्ली में सिख समाज के पास भाजपा के अलावा और विकल्प नहीं : भोगल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल (दिल्ली) के निष्कासित महासचिव एवं अखिल भारतीय दंगा पीड़ित राहत समिति 1984 के अध्यक्ष कुलदीप सिंह भोगल ने कहा कि हाल के लोकसभा चुनावों में दिल्ली के सिख समाज के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में वोट करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

श्री भोगल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल के लोकसभा चुनावों में सिख समाज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के प्रत्याशियों को वोट दिया है। सिख समाज कांग्रेस को वोट दे नहीं सकता और आम आदमी पार्टी के पास जा नहीं सकता। उन्होंने दावा कि श्री मोदी के अलावा किसी और प्रधानमंत्री ने सिख समाज के हित में



काम नहीं किया है। श्री मोदी ने 1984 के सिख दंगों पर दिल्ली और कानपुर की घटनाओं पर विशेष जांच दल का गठन का किया। दंगा पीड़ितों को वित्तीय राहत दी गयी है। साहबजादों को उचित सम्मान मिला है।

# जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट की लापरवाही से हुआ रेल हादसा: रेलवे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के रानीडांगा में जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल को पार करते समय ट्रेनों के लिए निर्धारित गति के नियमों का पालन नहीं किया, जिसके कारण रेल हादसा हुआ।

रेलवे के सूत्रों ने यहां बताया कि ऐसा लगता है कि जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट (ट्रेन चालक) ने लाल सिग्नल से पहले रुकने के लिए निर्धारित शर्तों और 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा का पालन नहीं किया और बहुत अधिक गति से आगे बढ़ रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

सूत्रों ने बताया कि संयोग से जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से पहले छह अन्य ट्रेनें भी रंगापानी स्टेशन से गुजरीं और इन सभी ट्रेनों के ट्रेन चालकों ने सुरक्षा नियमों का पालन किया। जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से टक्कर होने के समय कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन लाल सिग्नल से पहले रूक गयी थी।सूत्रों के मुताबिक स्वचालित सिग्नलिंग की विफलता के दौरान ट्रेन की आवाजाही हो रही थी। ऐसे मामलों में ट्रेन को प्रत्येक सिग्नल के नीचे दिन में 01 मिनट और रात में 02 मिनट के लिए रोका जाता है। इसके बाद ट्रेन बहुत सावधानी बरतते हुए अगले स्टॉप सिग्नल की ओर आगे बढ़ सकती है। अच्छी दृश्यता के मामले में ट्रेन की गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा और खराब दृश्यता के मामले में 10 किमी प्रति घंटा होना चाहिए, ताकि किसी भी अवरोध से पहले ट्रेन रुक सके।

सूत्रों ने बताया कि इस मामले में ऐसा लगता है कि जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट (ट्रेन चालक) ने लाल सिग्नल से पहले रुकने की उपरोक्त 02 शर्तों और 15 किमी प्रति घंटे की गति सीमा का पालन नहीं किया और बहुत अधिक गति से आगे बढ़ रहा था।

सूत्रों के अनुसार संयोग से जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से पहले 06 अन्य ट्रेनें भी रंगापानी स्टेशन से गुजरीं और इन सभी ट्रेनों के ट्रेन चालकों ने उपरोक्त सुरक्षा नियमों का पालन किया। जिस समय जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर हुयी थी, उस समय कंचनजंघा एक्सप्रेस भी लाल सिग्नल से पहले रुक गई थी। गौरतलब है कि स्वचालित सिग्नलिंग को रेलवे द्वारा आम तौर पर उच्च यातायात घनत्व वाले डबल/मल्टीपल लाइन सेक्शन पर लगाया जाता है, ताकि कम से कम देरी में अधिक संख्या में ट्रेनें गुजर सकें। पारंपरिक निरपेक्ष सिग्नलिंग प्रणाली में सिग्नल केवल स्टेशनों पर प्रदान किए जाते हैं, जो आम तौर पर लगभग 08 से 10 किमी दूर स्थित होते हैं। वहीं, स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली हर 01 किमी पर सिग्नल प्रदान करती है। मुंबई उपनगरीय प्रणाली स्वचालित सिग्नलिंग का एक प्रमुख उदाहरण है, जहां बड़ी संख्या में ट्रेन सेवाएं दैनिक आधार पर संचालित होती हैं। भारतीय रेलवे पर बढ़ते यातायात घनत्व के मद्देनजर कई मार्गों पर स्वचालित सिग्नलिंग का प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि स्वचालित सिग्नलिंग के मामले में ट्रेनों को कम दूरी के अंतराल पर संचालित किया जाता है, इसलिए रेलवे के सामान्य और सहायक नियमों (जीएंडएसआर) में स्वचालित सिग्नलिंग की विफलता के मामले में अपनाई जाने वाली मानक प्रक्रिया का प्रावधान है। विफलता की स्थिति में स्वचालित सिग्नल 'सुरक्षित रूप से विफल% हो जाता है, यानी प्रकाश पहलू लाल (यानी स्टॉप) पहलू को इंगित करता है। ऐसे मामलों में जीएंडएसआर के प्रावधान लोको पायलट (ट्रेन चालक) को दिन में 01 मिनट और रात में 02 मिनट सिग्नल के नीचे रुकने के बाद ही ऐसे सिग्नल को पार करने की अनुमति देते हैं।

रेलवे की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रि गठबंधन के काल में पिछले नौ साल में देश के विभिन्न हिस्सों में 638 रेल हादसे हुए हैं। इस में 2014-15 के दौरान सबसे अधिक 135 हादसे हुए हैं। वहीं 2015-16 में 107, 2016-17 में 104, 2017-18 में 73, 2018-19 में 59, 2019-20 में 55, 2020-21 में 22, 2021-22 में 35 और 2022-23 में 48 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं।

## नोएडा की हाईराइज सोसाइटी में गुंडागर्दी

**नोएडा।** हाईराइज सोसाइटी में अक्सर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता रहता है। ऐसा ही एक ताजा मामला सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू-2 सोसाइटी का है। यहां पर एक रेजिडेंट्स ने मेंटेनेंस डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के साथ मारपीट की है। आरोपियों ने पीड़ित को नौकरी से निकालने की भी धमकी दी और फिर मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। पीड़ित ने मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। यह मामला कोतवाली थाना 113 का है। पुलिस को गई शिकायत में केतन सेंगर ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-49 में रहते हैं। इसके साथ ही सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू-2 सोसाइटी में टेक्निकल सुपरवाइजर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि वह सोसाइटी में कुछ इलेक्ट्रिक सामान को लगाए थे।

# माहाराष्ट्र में नेतृत्व नहीं बदलेगा: भाजपा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय नेतृत्व ने महाराष्ट्र और झारखंड की कोर समितियों के साथ दोनों राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयारियों की गहन समीक्षा की और तय किया कि महाराष्ट्र में वर्तमान नेतृत्व के साथ ही चुनाव में उतरेंगे।

भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में और गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में महाराष्ट्र की कोर कमेटी की बैठक के बाद राज्य भाजपा विधायक दल के नेता एवं उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ÷आज महाराष्ट्र कोर टीम की केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठक हुई। हमने विशेष रूप से महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के परिणामों पर चर्चा की। महायुति और महा विकास आघाड़ी के बीच वोटों का अंतर सिर्फ 0.3 फीसदी है इसलिए हमने चर्चा की कि हमने कहां वोट खोए, हमें कहां दिक्कतें आईं और क्या सुधारात्मक




कार्रवाई करने की जरूरत है, इस पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा हमने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीति के खाके पर भी चर्चा की। हम जल्द ही हमारे राजग सहयोगियों के साथ विधानसभा के लिए चुनाव का अपना रोडमैप तैयार करेंगे। महाराष्ट्र में नेतृत्व के बारे में एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट रूप से कहा, कोई बदलाव नहीं है। हमें महाराष्ट्र में मजबूत महायुति-राजग सरकार लानी है। महाराष्ट्र कोर कमेटी की बैठक के बाद झारखंड की कोर कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक के बारे में झारखंड के चुनाव सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उसी के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें क्या किया जाना है, इस पर चर्चा की गई।

उन्होंने कहा, अगले पांच महीनों में झारखंड में लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत ने हमें बहुत प्रेरित किया है और हमें उम्मीद है कि हम झारखंड में अपनी सरकार बनाने जा रहे हैं। गृह मंत्री श्री शाह और पार्टी अध्यक्ष श्री नड्डा जल्द ही राज्य का दौरा करेंगे।

# जनरल चौहान ने साइबर स्पेस अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने यहां साइबर स्पेस अभियानों के संचालन में कमांडरों का मार्गदर्शन करने वाला संयुक्त सिद्धांत जारी किया । रक्षा मंत्रालय के अनुसार जनरल चौहान ने यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी की बैठक में यह सिद्धांत जारी किया । संयुक्त सिद्धांत एक प्रमुख दस्तावेज है जो मौजूदा जटिल सैन्य संचालन माहौल में कमांडरों का मार्गदर्शन करेगा।

संयुक्त सिद्धांतों का विकास तीनों सेनाओं के एकीकरण और उनमें एकजुटता को बढावा देने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत सशस्त्र बलों में एकीकरण की प्रक्रिया को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। थल, जल और हवाई युद्ध के पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा, साइबरस्पेस आधुनिक युद्ध में एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरा है। थल, जल और हवाई क्षेत्र में क्षेत्रीय सीमाओं के विपरीत साइबरस्पेस एक वैश्विक साझा क्षेत्र है और इसलिए इसकी साझा संप्रभुता है। साइबरस्पेस में किसी भी तरह की शत्रुतापूर्ण कार्रवाई किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, एकजुटता, राजनीतिक निर्णय लेने और राष्ट्र की अपनी रक्षा करने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। यह सिद्धांत साइबरस्पेस संचालन के सैन्य



पहलुओं को समझने पर जोर देता है और कमांडरों, कर्मचारियों व अभ्यासकर्ताओं को योजना बनाने तथा साइबरस्पेस में अभियानों के संचालन के साथ-साथ सभी स्तरों पर सैन्यकर्मियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए वैचारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है।

# भाकपा(माओवादी) मगध जोन पुनरुद्धार से जुड़े मामले में 1.13 करोड़ रुपये जब्त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मगध क्षेत्र में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) (माओवादी) को पुनर्जीवित करने के प्रयासों से जुड़े एक मामले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुये आतंकवाद की आय के रूप में एक करोड 13 लाख 70 हजार 500 रुपये जब्त किए। यह राशि उग्रवादियों ने बिहार और झारखंड में ठेकेदारों और अन्य लोगों से जबरन वसूली की थी।

इस राशि का इस्तेमाल कुछ आरोपियों के एक रिश्तेदार की मेडिकल पढ़ाई के लिए किया जा रहा था।एनआईए ने एक बयान में कहा कि 30 दिसंबर 2021 को एजेन्सी द्वारा स्वत- संज्ञान से दर्ज मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 25(1) के तहत पैसा जब्त किया गया है।एनआईए की जांच में सामने आया कि एक वरिष्ठ माओवादी नेता के रिश्तेदार की मेडिकल पढ़ाई के लिए रकम सीधे तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एक मेडिकल कॉलेज के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। ऋण की आड़ में यह ट्रांसफर आरोपियों के करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों के जरिए किया गया था।

माओवादी द्वारा उगाही गई धनराशि की लाभार्थी प्रतिबंधित संगठन की विशेष क्षेत्र समिति के सदस्य प्रद्युम्न शर्मा की भतीजी है, जिसका नाम आरोप पत्र में रखा गया है। लाभार्थी गिरफ्तार आरोपपत्रित अभियुक्त तरूण कुमार की बहन और गिरफ्तार आरोपपत्रित अभियुक्त अभिनव उर्फ ??गौरव उर्फ ??बिट्टू की चचेरी बहन भी है।

एनआईए ने 20 जनवरी, 2023 को भादस और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दो आरोपियों के खिलाफ रांची की विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया था। पिछले साल जून में उसने एक और आरोपी के खिलाफ मामले में अपना पहला पूरक आरोप पत्र दायर किया था। उसके बाद दिसंबर 2023 में दो अन्य के खिलाफ दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया था।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री प्रस्तुत किये जाने पर पाबंदी लगाने की मांग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 'सेव कल्चर सेव भारत' फाउंडेशन ने 'एक्स' तथा नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्मों पर धड़ल्ले से कथित रूप से अश्लील सामग्री परोसे जाने का आरोप लगाते हुये कहा कि ये प्लेटफॉर्म भारत में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) जैसे कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं।

'सेव कल्चर सेव भारत' फाउंडेशन के संस्थापक उदय महुरकर ने राजधानी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नेट पर इस तरह की सामग्री की प्रस्तुति पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग करते हुये कहा, ÷एक्स, नेटफ्लिक्सि और ओटीटी प्लेटफ़ॉर्मों पर अश्लील सामग्री से युवाओं के मन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। समाज में यौन विकृति को बढ़ावा मिल रहा है। इसीलिये, अश्लील सामग्री परोसने वाली वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाना और इन पर कानूनी कार्रवाई करना बेहद जरूरी हो गया है। अमेजन, प्राइम, हॉटस्टार, सोनीलाइव जैसे अन्य ओटीटी प्लेटफ़ॉर्मों की जांच की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन नेट पर अश्लील सामग्री की भरमार और इसके दुष्प्रभावों से चिंतिति है तथा



इस बारे में शीर्ष से निचले स्तर पर लोगों को जागरूक कर रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक ने कहा कि किशोरवय के बच्चे के भविष्य को सुंदर बनाने और देश की सांस्कृतिक संरचना को सुरक्षित और जीवंतमय बनाने में उनकी रचनात्मक भूमिका के लिये उन्हें मानसिक दुष्प्रभाव डालने वाली इंटरनेट सामग्री से बचाना जरूरी है। श्री महुरकर ने कहा, इन प्लेटफॉर्मों पर सामग्री इतनी अश्लील और भयावह है कि उसे सेंसर बोर्ड 'ए'(एडल्ट) का प्रमाणपत्र की मंजूरी नहीं देना चाहेगा।

संवाददाता सम्मेलन में विधि विशेषज्ञ विष्णु शंकर जैन ने कहा एक्स और नेटफ्लिक्स भारतीय कानूनों एवं नियमों के उल्लंघन के लिए पूरी तरह से उजागर हो चुके हैं। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम, आईटी अधिनियम और आईपीसी जैसे कानूनों का उल्लंघन करने के अलावा हमारे देश की नैतिक और सांस्कृतिक संरचना को भी नुकसान पहुंचाया है। फाउंडेशन ने मनोवैज्ञानिक प्रभावों के बारे में चिंताओं को उठाया है, जिसमें अध्ययनों का हवाला दिया गया जो पोर्नोग्राफी (अश्लील दृश्य सामग्री) के सेवन को दुष्कर्म जैसे यौन हिंसा में वृद्धि से जोड़ते हैं। श्री महुकर ने कहा कि अमेरिका के कुख्यात दुष्कर्मी एवं सीरियल किलर टेड बुंडी ने अपनी मौत से पहले कहा था कि इसमें कोई दो राय नहीं कि पोनोग्राफी बलात्कारियों के लिये अपराध का प्रमुख प्रेरक सामग्री होती है। उन्होंने इसी संदर्भ में भारत में एक स्कूल प्रिंसिपल द्वारा पोर्न देखने के बाद नाबालिगों के साथ दुष्कर्म के मामले का भी उदाहरण दिया।

श्री महुरकर ने कहा कि सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से तैयार डीपफेक वीडियो (जो हुबहू लगने वाली लेकिन नकली) सामग्री की जांच करने और प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग के तरीके तलाशने के लिए %डिजिटल इंडिया बिल% को पेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में, सरकार को यह प्रावधान शामिल करना चाहिए कि यदि कोई सामग्री प्रदाता या एकत्रितकर्ता अश्लील सामग्री की स्ट्रीमिंग को नियंत्रित करने में असफल रहता है, तो उसे तुरंत प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और भारत में संचालन करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

फाउंडेशन के पदाधिकारी ने बताया कि उनकी ओर से इस संबंध में संबंधित मंत्रालयों, सरकारी अधिकारियो, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर और पर्याप्त सबूत साझा किये गये हैं।

# दिल्ली में झुलसाने वाली गर्मी का कहर जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में लोगों को फिलहाल झुलसाने वाली गर्मी के कहर और लू के थपेड़ों से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे है। मौसम विभाग ने राजधानी में सोमवार को भीषण गर्मी के मद्देनजर 'रेड अलर्ट' जारी किया था, जो आज भी जारी है। राजधानी और आसपास के इलाकों में दिन और रात के तापमान में उछाल देखा गया है। सोमवार की रात इस मौसम की सबसे गर्म रात थी, जिसने पिछले छह सालों का रिकॉर्ड टूट तोड़ दिया। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री तक पहुंच गया और अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। दिल्ली में दिन में लू के थपेड़ों से लोग परेशान है। एक तरफ भीषण गर्मी का सितम तो दूसरी ओर पानी की किल्लत से राजधानीवासियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। दिल्ली में आज सुबह न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वर्ष 2018 के जून में यह 34 डिग्री तक पहुंचा था। मौसम विभाग (आईएमडी)के वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया, अधिकतम तापमान बढ़ने से लू की मार जारी है। न्यूनतम तापमान के बढ़ने से रात में भी गर्मी



होने से दिन के मौसम की तरह अहसास हो रहा है। राजधानी में मुख्य रूप से आसमान साफ ??रहेगा और गर्म रात की स्थिति के साथ लू से स्थिति गंभीर बनी रही और दिन के दौरान कभी-कभी तेज हवाएं चलती रहेंगी। विभाग ने दिल्ली के लिए रेड और येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की है। इससे पहले ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। उत्तर प्रदेश में अगले तीन-चार दिन तक रेड अलर्ट जारी रहेगा। बुधवार के बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बढ़ेगा, जिसके असर से राष्ट्रीय राजधानी को भी राहत मिलने की संभावना है।

# बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली नगर निगम पूरी तरह तैयार : डॉ. शैली ओबेरॉय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली नगर निगम ने आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली है। मेयर डॉ. ओबेरॉय ने नेता सदन मुकेश गोयल के साथ सिविक सेंटर में प्रेसवार्ता कर बताया कि पिछले एक महीने से हम लगातार अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे हैं। मॉनसून एक्शन प्लान पहले ही तैयार कर लिया गया था और उसके अनुसार अब सभी ज़ोन में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम दिल्ली में मानसून से पूर्व नालों की सफाई का काम तेज़ी से कर रहा है। निगम के अंतर्गत चार फ़ीट से ऊपर के 713 नाले हैं जिनकी लंबाई लगभग 460 किलोमीटर है व चार फिर से नीचे लगभग 21,000 नाले हैं, जिसकी लंबाई लगभग 6600 किलोमीटर है।उन्होंने बताया कि निगम द्वारा दो फेज में नालों की सफ़ाई की जाती है। पहले फ़ेज़ में मॉनसून से पहले नालों की सफ़ाई होती है और दूसरे फ़ेज़ में मॉनसून खत्म होने के बाद सफ़ाई का कार्य किया जाता है। पहले फ़ेज़ में चार फ़ीट से ऊपर के नालों की सफ़ाई का कार्य 92-93 प्रतिशत व चार फ़ीट से नीचे के नालों का कार्य 85 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। साथ ही जल भराव की समस्या से निपटने के लिए 'क्विक रिपॉन्स' टीम का गठन किया गया है।

हर जोन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसकी जिम्मेदारी जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित करने के साथ ही उसकी निगरानी करना और जलभराव की स्थिति से बचने के लिए अतिरिक्त इंतज़ाम करना होगा। पिछले वर्ष दिल्ली में जिन स्थानों पर जल भराव ज़्यादा हुआ था, उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# शहजादा धामी के बाद अब प्रतीक्षा होनमुखे ने तोड़ी चुप्पी, डेटिंग को लेकर कही ये बात





स्टार प्लस के टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में रुही का किरदार निभाने वालीं प्रतीक्षा होन्मुखे को शो के प्रोड्यूसर राजन शाही ने टर्मिनेट कर दिया था. सिर्फ प्रतीक्षा ही नहीं बल्कि उनके को-स्टार शहजादा धामी को भी शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. कहा जा रहा था कि इन दोनों की बढ़ती नजदीकयों के चलते प्रतीक्षा और शहजादा को शो से टर्मिनेट किया गया है.हालांकि टर्मिनेट होने के बाद न तो प्रतीक्षा ने इस बारे में किसी मीडिया पोर्टल से बात की थी, न ही उन्होंने सोशल मीडिया पर फैन्स के सामने अपना पक्ष रखने की कोशिश की. लेकिन अब एक नया शो मिलने के बाद प्रतीक्षा ने इस पूरे मामले पर बात की है.

प्रतीक्षा जल्द ज़ी टीवी के नए शो 'कैसे मुझे तुम मिल गई' में एंट्री करने वाली हैं. टेली टॉक इंडिया के साथ की बातचीत में प्रतीक्षा ने शो के प्रोड्यूसर राजन शाही के लगाए इल्जामों पर सफाई देते हुए कहा, इस इंडस्ट्री में हम, हमारे खिलाफ बोलने वालों का मुंह तो बंद नहीं कर सकते. आज ये लोग मेरे एक दोस्त के साथ मेरा नाम जोड़ रहे हैं. कल अगर मेरी और किसी के साथ दोस्ती हो जाएगी, तब ये लोग हमारे रिश्ते को लेकर भी बात करेंगे. दोस्ती का मतलब प्यार नहीं होता. मुझे लगता है कि ऐसे लोगों को नजरअंदाज करना चाहिए. मैं भी अपने काम पर ध्यान देना चाहती हूं. और रही बात मेरी सच्चाई की, तो भगवान सब देख रहे हैं. और वो अच्छी तरह से जानते हैं कि कौन सही है और कौन गलत है.

**शहजादा के साथ रिश्ते को लेकर बोलीं प्रतीक्षा**

इस दौरान प्रतीक्षा ने शहजादा के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी बात की. प्रतीक्षा ने कहा,शहजादा और मैं, हम दोनों एक दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त हैं. दोस्ती के अलावा हमारे बीच और कुछ भी नहीं है. हम इस सीरियल के सेट पर मिले, उन्होंने मेरी बहुत मदद की. वो उस सीरियल के सेट पर बने मेरे पहले दोस्त थे. हम दोनों ने गलत चीजों के खिलाफ बात की. शूटिंग के दौरान जिस तरह से शहजादा मेरी मदद के लिए आगे आते थे, उस वजह से हमारे बीच की दोस्ती और पक्की हुई. हमारा एक बॉन्ड बन गया. आज भी मैं कहती हूं कि वो मेरा अच्छा दोस्त था, है और रहेगा. लेकिन डेटिंग की खबरें पूरी तरह से झूठ हैं.

## इतनी बार ऑनस्क्रीन शादी कर चुकी हूं कि अब असल जिंदगी में....22 साल की अवनीत कौर का खुलासा



अवनीत कौर और सनी सिंह की फिल्म 'लव की अरेंज मैरिज' ओटीटी प्लेटफार्म ZEE5 पर स्ट्रीम हो रही है. इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में अवनीत एक मजेदार अंदाज में नजर आ रही हैं. वैसे तो अवनीत ने अपने करियर में रानी मुखर्जी से लेकर इरफान खान तक कई बड़े सितारों के साथ काम किया है. लेकिन पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' के साथ उन्होंने बतौर लीड बॉलीवुड में एंट्री की.फिल्मों में अपनी पहचान बना रही अवनीत अब तक 10 से ज्यादा टीवी शो में काम कर चुकी हैं. अवनीत की फिल्म 'लव की अरेंज मैरिज' एक शादी की कहानी है. हाल ही में 22 साल की इस एक्ट्रेस की शादी की खबरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही थीं. टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की एक्सक्लूसिव बातचीत में अवनीत ने शादी की खबरों को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है.अवनीत कौर ने कहा, अब तक फिल्म और टीवी सीरियल में इतनी बार मेरी शादी हो चुकी है कि असल जिंदगी में शादी करने का मेरा बिलकुल भी मन नहीं करता. मजाक कर रही हूं. दरअसल मैंने शादी के बारे में सोचा ही नहीं है. फिलहाल मैं मेरे काम में व्यस्त हूं. मैं उम्र के इस पड़ाव पर हूं जहां मुझे मेरा नाम बनाना है, खुद की एक अलग पहचान बनानी है. और शादी के लिए फिलहाल तो बहुत टाइम है. रही बात 'लव की अरेंज मैरिज' की, तो इस फिल्म में तो इतनी अतरंगी और ट्विस्ट वाली शादी आपको देखने को मिलेगी, जो आपने पहले कभी कहीं देखी नहीं होगी.

**रियलिटी शो से की थी करियर की शुरुआत**

अवनीत ने रेमो डिसूजा के रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर' से बतौर कंटेस्टेंट अपने करियर की शुरुआत की थी. उनके कमाल के एक्सप्रेशन देखकर एसवीएम एंटरटेनमेंट के श्रीकांत मेहता और महेंद्र सोनी ने उन्हें अपने सीरियल 'मेरी मां' के लिए कास्ट किया. अपने आखिरी सीरियल 'अलादीन ङ्क नाम तो सुना होगा' में अवनीत प्रिंसेस यास्मीन बनी थीं.

## 'मैं कुछ भी सुन नहीं पा रही...', अल्का याग्निक को हुआ ये रेयर डिसऑर्डर, सोनू निगम ने किया रिएक्ट



बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक एक रेयर न्यूरो डिसऑर्डर का शिकार हो गई हैं. सिंगर ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी साझा की है जिसके बाद से फैन्स काफी चिंतित हो गए हैं. सिंगर ने बताया कि एक दिन फ्लाइट से बाहर आते वक्त उन्हें अचानक इस बात का आभास हुआ कि वे सुन नहीं पा रही हैं. उन्हें ये समस्या एक वायरल अटैक के बाद हुई है. सिंगर ने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी साझा की है जिसके बाद से फैन्स उनकी रिकवरी की दुआएं कर रहे हैं. बॉलीवुड की नामी हस्तियां भी इस खबर से शॉक्ड हैं. कुछ लोग तो सिंगर को ये सलाह भी दे रहे हैं कि उन्हें लाउड म्यूजिक से दूर रहना चाहिए.सिगंर ने इंस्टा पर अपनी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा- अपने सभी चाहनेवालों, दोस्तों और शुभचिंतकों से मैं कहना चाहती हूं कि कुछ हफ्ते पहले मैं जब फ्लाइट से बाहर निकली तो मुझे इस बात का एहसास हुआ कि मैं कुछ सुन नहीं पा रही हूं. अब कई दिन बाद मैं ये बात आप लोगों से कहने ही हिम्मत जुटा पाई हूं. जो लोग मुझसे पूछ रहे थे कि मैं इतने दिन से कहां थी उन्हें मैं बताना चाहती हूं कि मुझे एक रेयर सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस नाम का डिसऑर्डर हो गया है. ऐसा वायरल अटैक की वजह से हुआ है.

अचानक हुई इस घटना से मैं स्तब्ध हूं. जब तक मैं ठीक नहीं हो जाती हूं तब तक मेरे लिए दुआएं करिए. मैं अपने फैन्स और युवा साथियों से ये कहना चाहूंगी कि आप ज्यादा भड़ीकले और लाउड म्यूजिक से दूर रहिए. साथ ही हेडफोन्स से भी दूरी बनाकर रखिए. एक दिन मैं आप सभी से इस बारे में विस्तार से बात करूंगी और अपनी प्रोफेशनल लाइफ के खतरों के बारे में बताऊंगी. मुझे उम्मीद है कि मैं आप लोगों के प्यार और समर्थन से जल्द ठीक हो जाऊंगी और वापिसी करूंगी. इस मुश्किल वक्त में आप लोगों का साथ मेरे लिए सबकुछ है.

**सोनू निगम का आया रिएक्शन**

इस पोस्ट पर कई सारे लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं. फैन्स इस बात से चिंतित दिख रहे हैं. सोनू निगम, ईला अरुण और पूनम ढिल्लो जैसे कलाकारों ने इसपर रिएक्ट किया. कई फिल्मों में अल्का के साथ गाना गा चुके सिंगर सोनू निगम ने लिखा- मुझे लग ही रहा था कि कुछ गड़बड़ है. मैं वापस आकर आपसे मिलता हूं. आप जल्द ठीक हो जाएं इसकी कामना करता हूं.

# सलमान खान के बिग बॉस से इन 5 मामलों में अलग होगा अनिल कपूर का शो!

तीन दिन बाद यानी 21 जून 2024 से 'बिग बॉस ओटीटी' के सीजन 3 की शुरुआत होने जा रही है. अनिल कपूर इस शो से रियलिटी शो की दुनिया में अपना डेब्यू कर रहे हैं. बॉलीवुड के इस 'झकास कपूर' ने 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' के होस्ट सलमान खान को रिप्लेस किया है. क्या अनिल कपूर ऑडियंस को 'बिग बॉस ओटीटी' के इस नए सीजन की तरफ आकर्षित कर पाएंगे या नहीं, ये देखने के लिए हर कोई उत्सुक हैं. तो आइये जानते हैं, सलमान खान के 'बिग बॉस' से अनिल कपूर का ये रियलिटी शो कितना अलग होगा.



**खर्च करने पड़ेंगे पैसे**

अब तक 'बिग बॉस' के 17 सीजन और ओटीटी के 2 सीजन ऑडियंस के लिए पूरी तरह से फ्री रहे हैं. न तो दर्शकों ने सलमान खान का कलर्स टीवी पर ऑन एयर होने वाला शो देखने के लिए पैसे खर्च किए थे, न ही एल्विश यादव का 'बिग बॉस ओटीटी 2'. लेकिन अनिल कपूर का 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखने के लिए ऑडियंस को पैसे खर्च करने पड़ेंगे.

**सभी के लिए नहीं खुली रहेंगी वोटिंग लाइन**

'बिग बॉस' देखने वाले सभी ऑडियंस को मेकर्स ने वोट करने का अधिकार दिया था. और पिछले कुछ सालों से ये वोटिंग प्रक्रिया पूरी तरह से फ्री हो गई थी. लेकिन 'बिग बॉस ओटीटी 3' में सिर्फ जियो का प्रीमियर सब्सक्रिप्शन खरीदने वाली ऑडियंस को ही कंटेस्टेंट को वोट करने का अधिकार दिया जाने वाला है.

**नजर आएगा अनिल कपूर का अलग अंदाज**

बिग बॉस की ऑडियंस को सलमान खान, करण जौहर और फराह खान की आदत हो गई है. वो जानते हैं कि जब सलमान खान आते हैं, तब जो चीजें उन्हें पसंद नहीं आती, उनके बारे में वो सीधे बात करते हैं. कई बार कंटेस्टेंट को उनके गुस्से का शिकार भी होना पड़ता है. करण जौहर की बात करें तो कंटेस्टेंट की क्लास लगाते हुए उन्हें डांटने की जगह अक्सर करण उन पर तंज कसते हुए नजर आते हैं. तो फराह खान अपने मजेदार अंदाज में कंटेस्टेंट को ज्यादातर समझाते हुए नजर आती हैं. अब मेकर्स अनिल कपूर को इन तीनों से पूरी तरह से अलग अंदाज में ऑडियंस के सामने पेश करने जा रहे हैं. उनका स्टाइल थोड़ा अनफिल्टर होगा, और साथ ही वो अपना देसी स्वैग भी ओटीटी के मंच पर दिखाते हुए नजर आने वाले हैं.

**सेट**

हमेशा की तरह बिग बॉस के सेट पर भी मशहूर निर्देशक और सेट डिजाइनर उमंग कुमार और उनकी टीम काम कर रही है. सूत्रों की मानें तो 'बिग बॉस सीजन 17' और 'बिग बॉस ओटीटी के सीजन 2' से 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का सेट पूरी तरह से ग्रैंड और अलग होने वाला है.

**प्रीमियम कंटेस्टेंट**

शुरुआत से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' की क्रिएटिव टीम इस कोशिश में जुट गई थी कि वो कुछ ऐसे कंटेस्टेंट इस शो में लेकर आए, जिन्हें देखने के लिए ऑडियंस पैसे खर्च करने के लिए तैयार हो. हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि अनिल कपूर के इस शो से जुड़ने के बाद कई सेलिब्रिटीज ने इस शो से बैकआउट भी किया था, हालांकि इस बात को लेकर किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. लेकिन बताया जा रहा है कि इस सीजन में ऑडियंस को प्रीमियम कैटगरी के सेलिब्रिटी देखने मिलने वाले हैं.

## बिजली मंत्रालय ने गर्मी से बढ़ती मांग के बीच उत्पादन संयंत्रों को किया सतर्क

एजेंसी




**नई दिल्ली।** बिजली मंत्रालय ने सभी उत्पादन संयंत्रों से बिजली की मांग बढ़ने से उच्च स्तर की मुस्तैदी को बनाए रखने को कहा है। मंत्रालय ने गर्मियों में बढ़ती मांग के दौरान पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम भी उठाया है। बिजली मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि देश के उत्तरी क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण 17 मई, 2024 से बिजली की भारी मांग का सामना करना पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में 89 गीगावाट की अब तक की सबसे अधिक मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक उत्तरी क्षेत्र की बिजली जरूरत का 25-30 फीसदी पड़ोसी क्षेत्रों से लेकर पूरा किया गया। मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि इस मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट के स्तर को छू सकती है। गौरतलब है कि उत्तरी क्षेत्र में भाषण गर्मी के चलते बिजली की मांग बढ़ रही है, जिससे मानसून आने के बाद ही राहत मिलने का अनुमान है।

## डिजिटल कर्ज में 49फीसदी तेजी, 37 कंपनियों ने बांटे 1.46 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** व्यापक चिंताओं के बीच डिजिटल कर्ज में मूल्य के लिहाज से 2023-24 में 49 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस अवधि में डिजिटल कर्ज देने वाली 37 कंपनियों ने कुल 1.46 लाख करोड़ रुपये के ऋण बांटे। कर्ज का औसत टिकट साइज 12,648 रुपये था। फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 के दौरान बांटे गए कर्ज की संख्या 35 फीसदी बढ़कर 10 करोड़ से अधिक पहुंच गई। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में इन कंपनियों ने कुल 40,322 करोड़ रुपये के 2.69 करोड़ कर्ज दिए। ऋण का औसत टिकट साइज 13,418 करोड़ रुपये था। एफएसीआई ने कहा, 70 फीसदी कर्ज 28 कंपनियों ने जारी किए। ये कंपनियां गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकृत हैं या उनके पास अपने एनबीएफसी है। डिजिटल कर्ज देने वाली 37 कंपनियां एफएसीई की सदस्य हैं। कई विभागों ने दावों की तेजी से निकासी के लिए तिमाही आधार पर उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत प्रोत्साहन के वितरण के लिए आवेदन स्वीकार करना शुरू कर दिया है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, अन्य विभागों को भी इसका पालन करने के लिए कहा गया है। अधिकारी के मुताबिक, पीएलआई लाभार्थियों के कुछ वर्गों ने विभागों से दावों के समय पर भुगतान के लिए अपील किया है। पीएलआई योजना की घोषणा 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी।

## खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतें महंगाई से निपटने की प्रक्रिया को धीमी कर रही, बोले आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक कार्यक्रम में महंगाई पर टिप्पणी की। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन देश में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण अवस्फीति की प्रक्रिया को अंतिम मील तक पहुंचाने में धीमी साबित हो रही है। दास ने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, महंगाई को थामने की प्रक्रिया को खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। यह जो जिद्दी और उच्च स्तर पर है। इसकी मुख्य वजह आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियां हें। यह मौसम की स्थिति से भी प्रभावित है। दास ने जोर देकर कहा कि जैसा कि कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में देखा गया है, अवस्फीति की यात्रा अपने अंतिम पड़ाव धीमी हो जाती है।

## डॉ अनुराग बत्रा बने इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज के सदस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक्सचेंज फॉर मीडिया के संस्थापक और चेयरमैन डॉ. अनुराग बत्रा को 'इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन एंड साइंसेज' का सदस्य चुना गया है। डॉ. बत्रा 60 से अधिक देशों के 900 से ज्यादा सदस्यों के उस समूह में शामिल हो गए हैं, जो दुनिया की अग्रणी टेलीविजन और मीडिया कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अनुराग बत्रा को एक्सचेंज फॉर मीडिया को संस्थागत बनाने, मीडिया, टेलीविजन और डिजिटल से संबंधित डोमेन में एक नया और अग्रणी प्लेटफॉर्म बनाने के उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ. अनुराग बत्रा एक आंत्रप्रेन्योर, राइटर, एंजेल इन्वेस्टर, टीवी शो होस्ट हैं। जिनका मानना है कि अगर आप किसी चीज में गहराई में विश्वास करते हैं तो वह सच हो जाती है। डॉ. बत्रा एक्सचेंज फॉर मीडिया समूह के संस्थापक और एडिटर इन चीफ हैं। ये कई बड़े मीडिया ब्रांड्स का प्रबंधन करते हैं। डॉ. बत्रा BW बिजनेसवर्ल्ड मीडिया समूह के भी चेयरमैन और एडिटर इन चीफ हैं। BW बिजनेसवर्ल्ड एक कंटेंट टेक मीडिया कंपनी है।

## डाकघर अधिनियम 2023 बुधवार से हुआ लागू : संचार मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डाकघर अधिनियम 2023 बुधवार से लागू हो गया। इसका उद्देश्य अंतिम मील तक नागरिक केंद्रित सेवाओं, बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए एक सरल विधायी ढांचा तैयार करना है।

संचार मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि डाकघर अधिनियम 2023 आज से लागू हो गया है। इसके लागू होने से भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 निरस्त हो गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य अंतिम मील तक नागरिक केंद्रित सेवाओं, बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए एक सरल विधायी ढांचा तैयार करना है।मंत्रालय के मुताबिक डाकघर अधिनियम 2023 यह वस्तुओं, पहचानकर्ताओं और पोस्टकोड के उपयोग के बारे में निर्धारित मानकों के लिए प्रारूप उपलब्ध करता है। ये अधिनियम व्यापार करने में आसानी और जीवन को आसान बनाने के लिए पत्रों के संग्रह, प्रोसेसिंग और वितरण के




विशेष विशेषाधिकार जैसे प्रावधानों को समाप्त करता है। अधिनियम में कोई दंडनीय प्रावधान नहीं किए गए हैं। इस विधयेक को राज्यसभा में 04 दिसंबर को पेश किया गया, जिसको 12 दिंसबर 2023 को राज्यसभा ने पारित किया था। इसके बाद यह विधेयक लोकसभा द्वारा 18 दिसंबर 2023 को विचार के बाद पारित किया गया। इस अधिनियम को 24 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई, जिसे विधि और न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) द्वारा 24 दिसंबर 2023 को भारत के राजपत्र असाधारण, भाग II, खंड-1 में प्रकाशित किया गया था।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 फीसदी बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोंचे पर अच्छी खबर है। सरकार का खजाना टैक्स क्लेकशन से भर गया है। देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष 2024-25 में एक अप्रैल से 17 जून, 2024 के बीच सालाना आधार पर 21 फीसदी उछलकर 4.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। वहीं, सकल कर संग्रह सालाना आधार पर 22.19 फीसदी बढ़कर 5.16 लाख करोड़ रुपये रहा।

वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 22.19 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 5.16 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 17 जून, 2024 के बीच सालाना आधार पर 21 फीसदी उछलकर 4.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अग्रिम टैक्स संग्रह 27.34 फीसदी बढ़कर 1,48,823 करोड़ रुपये रहा है। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का




विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी। यह संग्रह 27.34 फीसदी बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 53,322 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में एक अप्रैल से 17 जून, 2024 तक 4,62,664 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह हुआ है। इसमें 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं। सीबीडीटी के मुताबिक वित्त वर्ष चालू 2024-25 में 17 जून तक 53,322 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के समान अवधि के दौरान जारी किए गए रिफंड से 34 फीसदी अधिक है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में कोहराम, टॉप 10 में से 9 आभासी मुद्राओं में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज कोहराम मचा हुआ है। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ एक मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहा है, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन लुढ़क कर 66 हजार डॉलर के स्तर से नीचे गई। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम ने भी 3,500 डॉलर के स्तर से नीचे गोता लगा दिया।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,389.96 डॉलर यानी



54.55 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,418.29 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 1.66 प्रतिशत, सोलाना 4.34 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.14 प्रतिशत, टॉनकॉइन 5.10 प्रतिशत, डॉगकॉइन 8.74 प्रतिशत और कार्डानो 6.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.32 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.35 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 196.05 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 9,371 करोड़ डॉलर यानी 7.82 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 67.76 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.52 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 54.84 प्रतिशत हो गई है।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.14 फीसदी की




गिरावट के साथ 84.13 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.15 डॉलर यानी 0.19 फीसदी लुढ़ककर 80.18 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## अजित कुमार केके धनलक्ष्मी बैंक के सीईओ और एमडी नियुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने अजित कुमार केके को बैंक का प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह 20 जून को अपना कार्यभार संभालेंगे।

धनलक्ष्मी बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया कि उसने अजित कुमार केके को बैंक का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने बताया कि निदेशक मंडल ने आज हुई बैठक में अजित कुमार केके को 20 जून, 2024 से तीन साल के लिए बैंक का एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दी है। बैंक ने कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 और भारतीय




प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रावधानों के अनुसार इस नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी। गौरतलब है कि अजित कुमार एक अनुभवी बैंकर हैं, जिन्हें जिन्हें ऋण, मानव संसाधन, व्यवसाय, शाखा बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में फेडरल बैंक के साथ 36 साल से अधिक का अनुभव है। वह फिलहाल फेडरल बैंक में मुख्य मानव संसाधन अधिकारी हैं।

## नेस्ले की मैगी के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पैकेज्ड फूड कंपनी नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स एवं सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर भारत सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

नेस्ले इंडिया की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यदा सर्विंग्स बेचीं, जिससे भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया। कंपनी ने किटकैट की 4,20 करोड़ 'फिंगर्स' बेचीं हैं, जिसकी वहज से वह किटकैट के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। इसके अलावा भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे




तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। कंपनी के मुताबिक नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है। इसके तहत उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी एवं नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च, 2024 तक के पिछले 15 माह में 24,275.5 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है। नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है। गौरतलब है कि स्विस वैश्विक खाद्य और पेय प्रमुख नेस्ले के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है।

## फिच ने भारत के आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने मार्च में इसके सात फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

फिच रेटिंग्स ने जारी अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.2 फीसदी की मजबूत वृद्धि होगी। वहीं, एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए विकास दर क्रमशः 6.5 फीसदी और 6.2




फीसदी रहने का अनुमान लगाया है।

रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर के अपने अनुमान में संशोधन किया है। हालांकि, फिच रेटिंग्स का अनुमान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुमान के अनुरूप ही है। आरबीआई ने इसी महीने ग्रामीण मांग में सुधार और महंगाई दर में नरमी के कारण चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया था। गौरतलब है कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही थी।

## सर्राफा बाजार में कमजोरी, 200 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार गिरावट नजर आ रही है। सोना आज 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,970 रुपये से लेकर 72,320 प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,890 रुपये से लेकर 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी कमजोरी आई है। आज की गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,4400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## लगातार चौथे दिन शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन रिकॉर्ड तोड़ तेजी जारी रही। शेयर बाजार आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना कर खुला, दिन के कारोबार में अपने रिकॉर्ड में और सुधार किया और अंत में ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बना कर बंद हुआ। बाजार में आई आज की तेजी के कारण शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में 2.40 करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्युरेबल्स, रियल्टी, यूटिलिटी और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके अलावा पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, बैंकिंग, आईटी, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल और मेटल सेक्टर के शेयर दबाव में कारोबार करते रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.96 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन



आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 437.30 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 434.88 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.42 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,150 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,173 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,828 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 149 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,351 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,297 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,054 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और 8 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 242.54 अंक की उछाल के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 77,235.31 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का मामूली झटका लगने के बाद तेजड़ियों ने पूरी तरह से बाजार में अपना सिक्का जमा दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। पहले घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 374 अंक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 77, 366.77 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 308.37 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बना कर 77,301.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 105.20 अंक की बढ़त के साथ 23,570.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। पहले घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 113.45 अंक की तेजी के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 23,579.05 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 92.30 अंक की उछाल के साथ क्लोजिंग के उच्चतम स्तर 23,557.90 अंक तक पहुंच कर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस 3.57 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 3.20 प्रतिशत, विप्रो 3.01 प्रतिशत, टाइटन कंपनी 1.67 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 1.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, मारुति सुजुकी 2.21 प्रतिशत, डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज 1.54 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.11 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.10 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## भारतीय टीम से मिले वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज वेस्ली हॉल, मिला खास तोहफा



एजेंसी
**बारबाडोस।** टी20 विश्व कप 2024 का ग्रुप चरण समाप्त हो चुका है। बुधवार को सुपर-8 की शुरुआत होगी। भारतीय टीम 20 जून को वेस्टइंडीज में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। इससे पहले शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों ने पूर्व दिग्गज गेंदबाज वेस्ली हॉल से मुलाकात की। इसका वीडियो सामना आया है। रोहित शर्मा की सेना सुपर-8 से पहले बारबाडोस में जमकर पसीना बहा रही है। भारत ने लीग स्टेज पर अपने शुरुआती तीन मुकाबलों में जीत हासिल की जबकि कनाडा के खिलाफ खेला जाने वाला मैच रद्द हो गया था। इससे पहले टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों की वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज वेस्ली हॉल से मुलाकात हुई। सोशल मीडिया पर एक विराट कोहली और 86 वर्षीय गेंदबाज की खास मुलाकात का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिग्गज उन्हें खास तोहफा भेंट करते दिख रहे हैं।

## भारतीय टीम के नए मुख्य कोच का जल्द एलान संभव

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम फिलहाल टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण की तैयारियों में व्यस्त है, लेकिन सभी की नजरें इस बात पर भी टिकी हुई हैं कि राहुल द्रविड़ के बाद टीम का अगला कोच कौन होगा? माना जा रहा है कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर इस दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं और मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए उनका साक्षात्कार लिया है। गंभीर के अलावा डब्ल्यूवी रमन ने भी साक्षात्कार दिया है। इन दोनों ने वीडियो कॉल के जरिये साक्षात्कार दिया जिसमे अशोक मल्होत्रा शामिल थे।

**जल्द हो सकता है नाम की घोषणा**

बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी हवाले से कहा, 'हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है। गंभीर के साथ रमन का साक्षात्कार हुआ। उन्होंने भी ऑनलाइन के जरिये इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने साथ ही भारतीय क्रिकेट पर अपने दृष्टिकोण और रोड मैप पर भी प्रेजेंटेशन भी दिया। यह साक्षात्कार 40 मिनट तक चला। प्रेजेंटेशन देखने से पहले समिति ने कुछ प्रारंभिक प्रश्न भी पूछे।' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकता है।

## सुपर आठ में कुछ खास करने को लेकर उत्सुक हैं रोहित

**बारबाडोस।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच से पहले स्वीकार किया कि इस स्टेज पर कार्यक्रम थोड़ा व्यस्त रहने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं। रोहित ने साथ ही बताया कि खिलाड़ियों में कुछ खास करने को लेकर उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद 22 जून को बांग्लादेश और 24 जून को सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

**भारत से पहले अभ्यास सत्र में लिया हिस्सा**

भारतीय टीम ने लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। इस दौरान रोहित जहां पिच पर बात करते दिखे, वहीं ग्रुप चरण में फ्लॉप रहे विराट कोहली ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया और काफी देर तक बल्लेबाजी अभ्यास किया। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया, जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में मैदान गीला के कारण रद्द हो गया था। भारत ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में पहुंचा है।

## मुरलीधरन ने कर्नाटक की पेय पदार्थ इकाई में निवेश का लिया फैसला

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन क्रिकेट की पिच के बाद अब निवेशक बनने की राह पर चल पड़ रहे हैं। मुरलीधरन ने कर्नाटक की पेय पदार्थ इकाई में 1400 करोड़ रुपये का निवेश करने का फैसला किया है। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन कर्नाटक के चामराजनगर जिले में पेय पदार्थ (सॉफ्ट ड्रिंक्स) और कन्फेक्शनरी इकाई में निवेश करेंगे। कर्नाटक के भारी और मझोले उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने यह जानकारी दी। यह निवेश कई चरणों में किया जाएगा। मुरलीधरन ने परियोजना के संबंध में पाटिल के साथ चर्चा की, जिसके बाद यह घोषणा की गई। मंत्री के कार्यालय ने बयान में पाटिल के हवाले से कहा कि श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर मुरलीधरन ने 'मुथैया बेवरेजेज एंड कन्फेक्शनरीज' ब्रांड के तहत पेय पदार्थ और कन्फेक्शनरी बनाने की योजना बनाई है।

# केन विलियमसन ने राष्ट्रीय अनुबंध अस्वीकार किया, सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ी

एजेंसी
**वेलिंगटन।** केन विलियमसन ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट को चौंकाते हुए खुलासा किया है कि वह 2024-25 सीज़न के लिए नया केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे। विलियमसन ने सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन के फैसले के बाद न्यूजीलैंड को अब एक नए सीमित ओवरों के कप्तान का नाम भी बताना होगा। उन्होंने 2022 में पहले ही टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी और केवल सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम का नेतृत्व कर रहे थे।

33 वर्षीय खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेशी लीग में खेलने का मौका तलाश रहे हैं और इसलिए उस अवधि के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उस समय सीमा के अलावा, उन्होंने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के लिए खेलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। विलियमसन ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के हवाले से कहा, सभी प्रारूपों में टीम को आगे बढ़ाने में मदद करना मेरे लिए बहुत जुनूनी है और मैं इसमें अपना योगदान देना चाहता



हूं।हालांकि, न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेश में खेलने का मतलब है कि मैं केंद्रीय अनुबंध की पेशकश स्वीकार करने में असमर्थ हूं। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरे लिए बहुत कीमती है और टीम को कुछ वापस देने की मेरी इच्छा अभी भी कम नहीं हुई है। हालांकि, क्रिकेट से बाहर मेरा जीवन बदल गया है - अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना और घर या विदेश में उनके साथ अनुभवों का आनंद लेना मेरे लिए और भी महत्वपूर्ण है। सीईओ स्कॉट वीनिंक का कहना है कि भले ही न्यूजीलैंड केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को चुनना पसंद करता है, लेकिन वे विलियमसन के लिए अपवाद बनाने को तैयार हैं।

वीनिंक ने कहा, केन को अंतरराष्ट्रीय खेलों में बनाए रखने में मदद करने का यह एक अच्छा तरीका है, ताकि वह ब्लैककैप्स के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाना जारी रखे - अभी और आने वाले वर्षों में भी। उन्होंने आगे कहा, जनवरी तक न्यूजीलैंड में हमारे पास बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और उस अवधि के बाहर वह अभी भी ब्लैककैप्स के लिए उपलब्ध है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ब्लैककैप्स के लिए केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को चुनने की प्रबल प्राथमिकता है, हालांकि हम अपने सबसे महान बल्लेबाज के लिए अपवाद बनाने में खुश हैं - खासकर इसलिए क्योंकि वह टीम के लिए इतना प्रतिबद्ध है।

विलियमसन के नेतृत्व में, न्यूजीलैंड को मौजूदा टी20 विश्व कप में पहले दौर से बाहर होना पड़ा, जिसने हाल के वर्षो मे आईसीसी व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टी20 विश्व कप था। अनुभवी बल्लेबाज के अलावा तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने भी केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में अनिच्छा का संकेत दिया है। अंतिम सूची अगले महीने घोषित होने की संभावना है।

## भारतीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगासी ने स्टीफन अवग्यान मेमोरियल खिताब जीता

एजेंसी
**जर्मुक।** भारत के सर्वोच्च रेटिंग वाले शतरंज खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगासी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्मेनिया के जर्मुक में आयोजित स्टीफन अवग्यान मेमोरियल 2024 का खिताब जीत लिया। लाइव रेटिंग में अर्जुन चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

20 वर्षीय अर्जुन ने आठवें और अंतिम दौर में 63 चालों में रूसी जीएम वोलोदर मुर्ज़िन को हराया और चार जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपने छह अंक हासिल किए और अब 10 खिलाड़ियों के मजबूत क्षेत्र में दूसरे स्थान के लिए बराबरी करने वाले तीन खिलाड़ियों पर 1.5 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

इस जीत ने अर्जुन को करियर की सर्वोच्च लाइव रेटिंग नंबर 4 पर पहुंचने में भी मदद की क्योंकि उन्होंने अब तक आठ राउंड से 9 अंक जोड़कर कुल 2779.9 ईएलओ अंक हासिल किए हैं। अब वह लाइव रेटिंग में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन, हिकारू नाकामुरा और यूएसए के फैबियानो कारुआना से पीछे हैं।

अर्जुन ने कहा, यह मेरे लिए शानदार टूर्नामेंट रहा है, क्योंकि मैं अपने मौकों का पूरा फायदा उठा पाया हूं। ये टूर्नामेंट कभी आसान नहीं होते, क्योंकि प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होता है, लेकिन मैं जिस तरह से खेला और साल का अपना दूसरा खिताब जीता, उससे खुश हूं।

अर्जुन इस साल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अप्रैल में मेनोरका



ओपन का खिताब जीता, मई में टेपे सिगमैन शतरंज टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे और शारजाह मास्टर्स ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट के अंतिम दौर में, अर्जुन पेट्रोसियन का सामना करेंगे और जीत दर्ज करके लाइव रेटिंग में तीसरे स्थान पर रहने वाले कारुआना (2795.6 ईएलओ अंक) से अंतर कम करना चाहेंगे।

## पेरिस खेलों 2024 में खेलेंगे नोवाक जोकोविच, सर्बिया ओलंपिक समिति ने की पुष्टि

एजेंसी
**बेलग्रेड।** पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में खेलेंगे, सर्बिया ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। सर्बियाई समिति ने अपनी वेबसाइट पर कहा, नोवाक जोकोविच और डुसन लाजोविच ने एटीपी रैंकिंग के अनुसार शर्तों को पूरा कर लिया है और 2024 में पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

जून की शुरुआत में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने कैस्पर रूड के खिलाफ होने वाले रोलैंड गैरोस क्वार्टरफाइनल से पहले ही नाम वापस ले लिया था, क्योंकि स्कैन में उनके दाहिने घुटने में मध्यवर्ती मेनिस्कस फटा हुआ पाया गया था। दो सप्ताह पहले, जोकोविच ने पुष्टि की थी कि उनके घुटने का सफल ऑपरेशन हुआ है, लेकिन उन्होंने वापसी के



लिए कोई समय सीमा नहीं बताई थी।

जोकोविच ने चार ओलंपिक टूर्नामेंट खेले हैं और 2008 में बीजिंग में कांस्य पदक जीता है।

मोंटे कार्लो में क्ले स्विंग से पहले अप्रैल में जोकोविच ने कहा था, पेरिस ओलंपिक बहुत महत्वपूर्ण हैं। ओलंपिक हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहा है। रोलैंड गैरोस में अपने शुरुआती बाहर होने के बाद, जोकोविच एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

## चीन ने पेरिस ओलंपिक के लिए तैराकी और गोताखोरी टीम घोषित की

एजेंसी
**बीजिंग।** चीनी तैराकी प्रशासनिक केंद्र ने यहां 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए तैराकी, गोताखोरी और कलात्मक तैराकी टीम की घोषणा की। पेरिस खेलों में दस गोताखोर भाग लेंगे। ओलंपिक चैंपियन क्वान होंगचन, चेन युक्सी, वांग ज़ोंगयुआन, ज़ी सियी और काओ युआन अपने दूसरे ओलंपिक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि स्प्रिंगबोर्ड गोताखोर चेन यिवेन, चांग यानी और लोंग दाओयी, साथ ही प्लेटफ़ॉर्म गोताखोर यांग हाओ और लियान जुनजी पेरिस में अपना पहला ओलंपिक खेलेंगे।

31 सदस्यीय चीनी तैराकी टीम का नेतृत्व छह ओलंपिक चैंपियन झांग यूफेई, ये शिवेन, ली बिंगजी, यांग जुनक्सुआन, तांग मुहान और वांग शुन कर रहे हैं। विश्व चैंपियन यू यिटिंग, किन हैयांग और पान झानले से भी



अपनी ताकत दिखाने की उम्मीद है। पेरिस खेलों में नौ कलात्मक तैराक भाग लेंगे, जिनमें युगल स्पर्धा में विश्व चैंपियन वांग लियुई और वांग कियानयी जुड़वाँ बहनें शामिल हैं। मैराथन तैराकी में, शिन शिन एकमात्र चीनी तैराक हैं जो इस स्पर्धा के लिए योग्य हैं।

# ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी
**तुर्कू।** भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है, ने रात का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अपने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। फिनलैंड के टोनी केरेनन ने 84.19 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके हमवतन ओलिवर हेलैंडर, जिन्होंने दो साल पहले इस मीट में नीरज को स्वर्ण पदक से वंचित किया था, ने 83.96 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.58 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा इस साल अपने तीसरे इवेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इस साल के अंत में पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना ताज बचाने के सफर पर निकले नीरज ने 10 मई को दोहा डायमंड लीग में 88.36 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल करके अपने सत्र की शुरुआत की। इसके पांच दिन बाद उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.27 मीटर का मामूली थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद यह भारत में उनकी पहली प्रतियोगिता थी। नीरज को पिछले महीने के अंत में चेकिया में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भी प्रतिस्पर्धा करनी थी, लेकिन प्रशिक्षण सत्र के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के बाद एहतियात के तौर पर उन्होंने इसमें भाग नहीं लिया। टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता ने तुर्कू मीट में वापसी करते हुए 83.62 मीटर के अपने पहले थ्रो के साथ शुरुआत की और पहली सीरीज में बढ़त बनाई, लेकिन अगले राउंड में हेलेंडर ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

तीसरी सीरीज में 85.97 मीटर के थ्रो से भारतीय खिलाड़ी ने फिर से बढ़त हासिल की और अंत तक शीर्ष पर बने रहे जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेहिंग, 90 मीटर के निशान को पार करने वाले सबसे कम उम्र के भाला फेंक खिलाड़ी, 79.84 मीटर के साथ आठ पुरुषों के क्षेत्र में सातवें स्थान पर रहे। डेहिंग ने फरवरी में हाले में एक मीट में विश्व-अग्रणी 90.20 मीटर थ्रो दर्ज किया था।

## ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रेकिंग एक्सपेडिशन के दूसरे चरण के लिए धर्मशाला पंहुचे कैडेट्स

एजेंसी
**धर्मशाला।** बहुप्रतीक्षित ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रेकिंग एक्सपेडिशन के दूसरे चरण के लिए विभिन्न राज्यों सहित हिमाचल के एनसीसी कैडेट्स धर्मशाला पंहुच गए हैं। दूसरे चरण का आधिकारिक रूप से शुभारंभ होने के बाद जो युवा कैडेट्स को साहसिक गतिविधियों और टीमवर्क अपनाने के लिएकैडेट्स को प्रोत्साहित करने का एक और मील का पत्थर है। यह चरण 26 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देहरादून, नैनीताल, चंडीगढ़, अंबाला, हिसार, रुड़की, रोहतक, शिमला, पालमपुर, बिलासपुर, सोलन, मंडी, नाहन, कुल्लू, रामपुर, अल्मोड़ा, और कुणिहार से कैडेट्स शामिल हुए हैं।कैम्प कमांडेंट कर्नल संजय शांडिल ने समारोहपूर्वक इस अभियान का शुभारंभ किया। उनका उपस्थिति मात्र प्रतीकात्मक नहीं थी; कर्नल शांडिल ने अपनी पत्नी पूनम शांडिल के साथ ट्रेक में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्होंने कैडेट्स को समर्थन और प्रोत्साहन देने की अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया। उनकी यात्रा का प्रारंभ कुणाल पठरी, एक प्रतिष्ठित स्थल, के ट्रेक से हुआ। कर्नल शांडिल का नेतृत्व कैडेट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत था। ट्रेक के दौरान, उन्होंने अपने विशाल अनुभव और ज्ञान को साझा किया, शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता, और साथीभाव की भावना के महत्व के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान की।

## टी-20 विश्व कप: नेपाल के खिलाफ मैच में दुर्व्यवहार के लिए तंजीम हसन साकिब पर जुर्माना

एजेंसी
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब को नेपाल के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 ग्रुप डी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए एक डिमेरिट अंक मिला है और उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

यह घटना किंग्सटाउन के अर्नोस वेल ग्राउंड में हुई। नेपाल की पारी के तीसरे ओवर में तंजीम द्वारा गेंद फेंकने के बाद, वह बल्लेबाज



पहला अपराध है।

तंजीम को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी के सहायक कर्मचारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

यह आरोप मैदानी अंपायर अहसान रजा और सैम नोगाज्स्की ने लगाया था, जिसमें तीसरे अंपायर जयरामन मदनगोपाल और चौथे अंपायर कुमार धर्मसेना का भी सहयोग था। तंजीम ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।

संरक्षक: संजय शुक्ला, ( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक:
उपसंपादक: राकेश द्विवेदी
सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,
सह सपांदक: राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

# खिलाड़ियों के लिए अब केवल प्रयोगशाला बन गया ग्रीनपार्क स्टेडियम

एजेंसी
**कानपुर।** नगर ही नहीं बल्कि देश-प्रदेश के खेल जगत में कभी ध्रुव तारे की तरह जगमगाने वाला ग्रीनपार्क स्टेडियम अब खिलाड़ियों के लिए केवल प्रयोगशाला बनता जा रहा है। वह भी ऐसी प्रयोगशाला जिसमें खिलाड़ी केवल खेल के गुर सीख सकते हैं उस पर अमल करने के लिए उन्हें बाहर के खेल संगठनों पर आश्रित रहना पड़ता है।

ग्रीनपार्क में वैसे तो कई खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाता रहा है। कभी बास्केटबाल और बॉलीबाल की टीमों का वर्चस्व पूरे प्रदेश में कायम रखने वाली टीमों के खिलाड़ी अब यहां पर न के बराबर मिलते दिखायी देते हैं तो फुटबाल सहित हॉकी और




अन्य खेलों में ग्रीनपार्क की टीमों को केवल फाइलों में ही देखा जा सकता है। कभी यह आलम था कि संगठनों की टीमों के अलावा ग्रीनपार्क की टीमें प्रतियोगिताओं के लिए अलग से अपना नाम दर्ज कराती थी।

उल्लेखनीय है कि नगर के बीचों बीच बने ग्रीनपार्क स्टेडियम में अब यहां पर हो रहे बड़े और छोटे मैचों के अभाव से शहर के वो खिलाड़ी जो बड़े खिलाड़ियों की तरह बनने का सपना देख रहे हैं वो खेल विभाग और यूपीसीए की अंतर्कलह के चलते ध्वस्त होता जा रहा है।

पालिका स्टेडियम के पूर्व खेल निदेशक जफर आलम ने मंगलवार को बताया कि कानपुर शहर की शान और पहचान कहे जाने वाले ग्रीन पार्क स्टेडियम से सभी वाकिफ हैं। शहर के बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने इस के बदलते स्वरूप को भी देखा है। ग्रीन पार्क स्टेडियम में हर खेल की अमूमन व्यवस्था है, यहां अलग– अलग खेल को खेलने और उसे देखने के लिए मैदान और कोच भी उपलब्ध है,लेकिन इस स्टेडियम की खास पहचान क्रिकेट मैचों से है, लेकिन अब इसका भी अन्त हो चला है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग और यूपीसीए इस स्टेडियम में कराए जाने वाले मैचों को लेकर लचीला रुख अख्तियार किए हैं। इसे दोनों के बीच आपसी कलह की कहानी कहे या फिर कुछ और ग्रीन पार्क स्टेडियम से खेलों का आयोजन कोसों दूर होता जा रहा है। अगर इसे रोका नहीं गया तो खेल की प्रयोगशाला के भीतर केमिकल के मिश्रण से किसी खिलाड़ी का जन्म नहीं हो सकेगा।

## टी-20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श गेंदबाजी के लिए उपलब्ध

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में गेंदबाजी के लिए खुद को तैयार घोषित किया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एंटीगुआ में बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले एक और विकल्प मिल सके। मार्श ने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल छोड़ने के बाद से गेंदबाजी नहीं की है और उनकी वापसी के लिए सतर्क दृष्टिकोण अपनाया गया है।

मार्श ने गुरुवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, "मैं गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहूंगा। हमारे पास जो लाइन-अप है, उसे देखते हुए मुझे वास्तव में गेंदबाजी करने की आवश्यकता नहीं दिखती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस प्रारूप में विकल्प होना वास्तव में महत्वपूर्ण है और हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं।" ऑस्ट्रेलिया को मार्श के गेंदबाजी से दूर रहने के कारण कोई कमी महसूस नहीं हुई है, क्योंकि मार्कस स्टोइनिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,

जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सुपर आठ में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए 12 ओवर स्पिन का इस्तेमाल किया। अगर ऑस्ट्रेलिया ने एश्टन एगर को दूसरे फ्रंटलाइन स्पिनर के रूप में फिर से मैदान में उतारा और फैसला किया कि उन्हें सीम के कुछ अतिरिक्त ओवरों की आवश्यकता है, तो मार्श की गेंद के साथ भूमिका अधिक संभावित परिदृश्य बन जाएगी।मार्श ने कहा, "शारीरिक रूप से अच्छा महसूस कर रहा हूँ। गेंदबाजी से थोड़ा ब्रेक लेना हमेशा अच्छा लगता है और मैं अक्सर इस बारे में मजाक करता हूँ। लेकिन मार्कस और मैं अक्सर ऑलराउंडर के तौर पर इस बारे में बात करते हैं, हमें खेल में बने रहना पसंद है।" मार्श ने यह नहीं बताया कि ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश के खिलाफ तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा या स्कॉटलैंड के खिलाफ इस्तेमाल किए गए आक्रमण का संतुलन बनाए रखेगा। सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम ने अब तक स्पिनरों के लिए बहुत ज्यादा मदद नहीं की है - इस स्टेडियम में एडम जाम्पा और आदिल राशिद द्वारा ओमान और नामीबिया के खिलाफ चार-चार विकेट लेने के कारण संख्याएँ कुछ हद तक कमजोर हैं - लेकिन ऑस्ट्रेलिया सेंट विंसेंट में तेज स्पिन वाली परिस्थितियों के लिए सतर्क है, जहाँ उसका सामना अफगानिस्तान से होगा।

## भारतीय टीम में वापसी कर सकता है यह अहम खिलाड़ी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कुछ समय से टीम से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। श्रेयस के नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो रहा है और टीम नए कोच के नेतृत्व में श्रीलंका के खिलाफ खेलने उतरेगी। श्रेयस को पांच जुलाई से जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भी चुना जा सकता है, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उनके चुने जाने की संभावना अधिक है। श्रीलंका के खिलाफ भारत को जुलाई-अगस्त में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर द्रविड़ की जगह अगले कोच पद के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ला द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुद्दीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी